www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 6:52 बजे
सूर्यास्त शाम 6:20 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-177 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • 3 मार्च 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एजीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल

पढ़े पेज 3 पर


समर प्राइम 3
ईरान पर मजबूत पकड़ रखने वाले सुप्रीम लीडर ने क्षेत्रीय शक्ति के रूप में गढ़ा इस्लामिक गणराज्य
खामेनेई की मौत के बाद संपत्ति और उत्तराधिकार पर बढ़ी चर्चा
1965-1971 की लड़ाई में अमेरिका और ईरान ने दिया था पाक का साथ

# इज़राइल के हमलों से ईरान में अब तक 555 लोगों की मौत और 740 जख्मी

## कई देशों में हमले; हिजबुल्लाह भी जंग में शामिल हुआ




एजेंसी | नई दिल्ली

इज़राइल-अमेरिका की ईरान के साथ जारी जंग का सोमवार को तीसरा दिन है। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका और इज़राइल ने अब तक ईरान के 1000 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए हैं। शुरुआती 30 घंटे में 2000 से ज्यादा बम गिराए गए। इस जंग में अब तक ईरान के फार्स प्रांत में 555 लोगों की मौत हुई है और 740 से ज्यादा लोग घायल हैं। कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 180 छात्राओं की मौत हुई और 45 घायल हुए। साइप्रस में ब्रिटिश सैन्य अड्डे पर भी संदिग्ध ड्रोन हमला हुआ।

उधर, ईरान ने सऊदी अरब की प्रमुख तेल रिफाइनरी रास तनूरा पर हमला किया, जो सऊदी की सरकारी तेल कंपनी अरामको की है। रिफाइनरी हमले के बाद अस्थायी रूप से बंद कर दी गई। इस रिफाइनरी की क्षमता लगभग 5.5 से 6 लाख बैरल तेल प्रतिदिन मानी जाती है और यह दुनिया के सबसे बड़े ऑफशोर ऑयल लोडिंग टर्मिनलों में शामिल है। यहां से तेल अमेरिका, एशिया और यूरोप समेत कई देशों को भेजा जाता है। ईरान के शीर्ष नेशनल सिक्योरिटी अधिकारी अली लारीजानी ने कहा कि ईरान अमेरिका से कोई बातचीत नहीं करेगा। यह बयान उन खबरों के बीच आया है कि ईरान ने अमेरिका से बातचीत की कोशिश की थी। इसके साथ ही ईरान ने इजराइल, कतर, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात में हमले फिर शुरू कर दिए हैं। लेबनान का उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह भी अब इस जंग में शामिल हो गया है। उसने इजराइल में कई जगहों पर बमबारी की और ईरान से समर्थन प्राप्त करते हुए खामेनेई की मौत का बदला लेने की बात कही है। फ्रांस और जर्मनी ने कहा कि पहले अंतरराष्ट्रीय मंच पर चर्चा होनी चाहिए थी। जर्मनी ने कहा कि अगर ईरान हमले नहीं बंद करता है, तो वह भी जवाबी कार्रवाई कर सकती है। सऊदी अरामको ने बताया कि रास तनूरा रिफाइनरी में आग पर काबू पा लिया गया है।


तेल अवीव इज़राइल में ईरान के मिसाइल हमले के बाद घरों को हुए नुकसान का दृश्य।

### ईरानी हमलों में 58 भारतीय नागरिक घायल

*संयुक्त अरब अमीरात में ईरान द्वारा किए गए सैन्य हमलों में एक भारतीय नागरिक घायल हो गया है। यूएई रक्षा मंत्रालय के विवरण के अनुसार, कुल 58 लोग मामूली चोटें झेल चुके हैं, जबकि तीन लोगों की मौत हुई है। घायल भारतीय नागरिक की हालत स्थिर बताई जा रही है और उसे कोई गंभीर खतरा नहीं है। भारतीय दूतावास, अबू धाबी ने अस्पताल अधिकारियों से संपर्क बनाए रखा है और सभी आवश्यक मदद प्रदान कर रहा है। यूएई रक्षा मंत्रालय के अनुसार, ईरान ने अब तक 165 बैलिस्टिक मिसाइलें, दो क्रूज मिसाइलें और 541 ड्रोन दागे। इनमें से 506 ड्रोन को मार गिराया गया, जबकि 35 ड्रोन देश में गिर गए और कुछ सामग्री को नुकसान पहुंचाया। हमलों के दौरान तीन लोगों की मौत हुई, जिनकी राष्ट्रीयता पाकिस्तानी, नेपाली और बांग्लादेशी थी। यूएई रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 58 लोगों को मामूली चोटें आईं, जिनमें अमीराती, मिस्र, इथियोपिया, फिलीपींस, पाकिस्तानी, ईरानी, भारतीय, बांग्लादेशी, श्रीलंकाई, अजरबैजानी, यमनी, यूगांडा, इरिट्रिया, लेबनानी और अफगान नागरिक शामिल हैं। हालांकि, भारतीय नागरिक के घायल होने का सटीक स्थान अभी स्पष्ट नहीं है। भारत दूतावास ने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि घायल भारतीय सुरक्षित हैं और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।*

### अमेरिका का F-15 लड़ाकू विमान क्रैश

*इज़रायल और अमेरिका के खिलाफ ईरान की सैन्य कार्रवाई जारी है। इसी बीच कुवैत से चौंकाने वाली खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार, अमेरिका का F-15 लड़ाकू विमान क्रैश हो गया है। यह विमान दुनिया के सबसे आधुनिक और घातक लड़ाकू विमानों में से एक माना जाता है। ईरान से जुड़े सोशल मीडिया हैंडल्स ने दावा किया कि विमान को ईरान के हमलों में मार गिराया गया। हालांकि, रिपोर्ट्स के अनुसार विमान का पायलट सुरक्षित है। कुवैत के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि आज सुबह कई अमेरिकी जंगी विमान दुर्घटनाग्रस्त हुए। सभी पायलट सुरक्षित हैं। खोज और बचाव अभियान तुरंत शुरू किया गया और पायलटों को अस्पताल में भर्ती कर उनकी जांच की गई। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।*

### मोदी ने यूएई पर ईरानी हमलों की निंदा की



*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान से बातचीत की और खाड़ी क्षेत्र में हाल ही में ईरान द्वारा किए गए हमलों की कड़ी निंदा की। पीएम मोदी ने यूएई की नेतृत्व और जनता के प्रति भारत की एकजुटता व्यक्त की और जान-माल के नुकसान पर संवेदनाएं प्रकट कीं।*

*सोशल मीडिया पर साझा किए गए संदेश में मोदी ने कहा, "मैंने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान से बातचीत की। यूएई पर हुए हमलों की कड़ी निंदा करता हूँ और जान-माल के नुकसान पर संवेदनाएं व्यक्त करता हूँ। भारत इस कठिन समय में यूएई के साथ खड़ा है।" उन्होंने यूएई में रहने वाले भारतीय समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रपति शेख मोहम्मद का धन्यवाद भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने और तनाव कम करने का समर्थन करता है। भारत और यूएई के बीच गहरी रणनीतिक, आर्थिक और लोगों के बीच संबंध हैं। यूएई, कतर और बहरीन में ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए हैं।*

# जम्मू-कश्मीर में प्रदर्शनकरियों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज

## प्रशासन ने सभी जिलों में कड़े सुरक्षा उपाय लागू किए



एजेंसी | जम्मू-कश्मीर

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में जम्मू-कश्मीर में सोमवार को दूसरा दिन लगातार विरोध प्रदर्शन हुआ। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। प्रशासन ने घाटी के सभी जिलों में सुरक्षा और जांच के कड़े उपाय लागू किए हैं।

घटना ऐसे समय में हुई है जब राष्ट्रीय सुरक्षा सतर्कता बढ़ा दी गई है। गृह मंत्रालय ने हाल ही में राज्यों को एक चेतावनी जारी की थी, जिसमें अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए सैन्य हमलों के बाद देश में संभावित सांप्रदायिक तनाव को लेकर सतर्क रहने का निर्देश दिया गया था। 28 फरवरी को जारी किए गए इस एडवाइजरी में बताया गया कि विदेशों में हो रही घटनाएं देश में "रिपल इफेक्ट" पैदा कर सकती हैं, खासकर धार्मिक सभाओं में उत्तेजक भाषणों के माध्यम से। मंत्रालय ने राज्यों से आग्रह किया है कि वे 'प्रो-ईरान कट्टरपंथी उपदेशकों' की पहचान करें जो उत्तेजक भाषण दे सकते हैं और सामाजिक अशांति फैला सकते हैं।

अधिकारियों ने कहा कि यह एडवाइजरी सामान्य सुरक्षा उपायों के साथ-साथ ऐसे भाषणों और संदेशों पर विशेष ध्यान देती है, जो संवेदनशील समय में सांप्रदायिक भावनाओं को भड़का सकते हैं। नयी दिल्ली में अधिकारी पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते संकट पर नजर बनाए हुए हैं। उनका ध्यान न केवल अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक प्रभावों पर है, बल्कि इस बात पर भी है कि वैश्विक घटनाओं का इस्तेमाल चरमपंथी तत्व स्थानीय स्तर पर तनाव फैलाने के लिए कर सकते हैं। इस बीच, जम्मू-कश्मीर में पुलिस और प्रशासन लगातार नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सक्रिय हैं।

### हिज़बुल्लाह प्रमुख कासिम इज़राइल के निशाने पर



तेल अवीव | ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद इज़रायल ने अब हिज़बुल्लाह प्रमुख नाइम कासेम को अगले निशाने पर रखा है। इजरायल के रक्षा मंत्री इज़रायल काट्ज़ ने कहा कि हिजबुल्लाह ऐसे संघर्ष में प्रवेश कर रहा है, जिसे जीतना उसके लिए असंभव है। ईरानी सुप्रीम लीडर की हत्या के बाद हिज़बुल्लाह ने लेबनान से इज़रायल की ओर मिसाइलें दागीं। अमेरिका और इजरायल द्वारा खामेनेई और कई शीर्ष ईरानी अधिकारियों की हत्या के बाद ईरान लगातार इजरायल और अरब देशों के ठिकानों पर मिसाइलें दाग रहा है। हिजबुल्लाह ने एक साल से अधिक समय बाद पहली बार खुद को इस अभियान में शामिल होने का दावा किया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### केमिकल प्लांट में ओलियम गैस रिसाव

पालघर| महाराष्ट्र के पालघर जिले में स्थित एक केमिकल प्लांट से ओलियम गैस के रिसाव की घटना सामने आई है। अधिकारियों के अनुसार, सूचना मिलते ही दमकल विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और स्थानीय प्रशासन की आपातकालीन टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं। रिसाव को नियंत्रित करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों की मदद से प्रयास जारी हैं। एहतियात के तौर पर प्लांट के आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया गया है और स्थानीय लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। फिलहाल स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। जांच के बाद ही रिसाव के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

### बोलांगीर और बरगढ़ नक्सल मुक्त घोषित

बोलांगीर| ओडिशा के 2 जिले बोलांगीर और बरगढ़ को नक्सल मुक्त घोषित किया गया है। ओडिशा पुलिस ने बताया कि यहां के 15 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। अब से ये जिले नक्सल मुक्त हैं। डीजीपी वाई बी खुरानिआ ने कहा कि राज्य में लंबे समय से चलाए जा रहे संयुक्त एंटी-नक्सल अभियानों का यह एक बड़ा परिणाम है। इन 15 माओवादियों ने छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में आत्मसमर्पण किया, जो बरगढ़ से सटा हुआ है। ये माओवादी बरगढ़-बोलांगीर-महासमुंद बेल्ट में सक्रिय थे। डीजीपी ने बताया कि इस घोषणा के साथ ओडिशा में नक्सल मुक्त जिलों की संख्या बढ़कर 7 हो गई है।

### 6 और 7 मार्च को केरल जाएगा निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली| मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग 6-7 मार्च को केरल में विधानसभा चुनाव तैयारियों की समीक्षा करेगा। इस दौरान आयोग राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, जिला अधिकारियों और पुलिस प्रशासन के साथ बैठक कर चुनावी व्यवस्थाओं का जायजा लेगा। इस वर्ष कुल पांच राज्यों केरल, असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने हैं। आयोग पहले ही असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी का दौरा कर वहां की तैयारियों की समीक्षा कर चुका है, जबकि पश्चिम बंगाल का दौरा अभी शेष है।

# भारत-कनाडा के बीच साझेदारी के नए युग की शुरुआत

## मोदी और मार्क कार्नी की व्यापार, ऊर्जा और शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग पर हुई बातचीत

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



भारत और कनाडा के बीच साझेदारी के नए युग की शुरुआत हो रही है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि भारत और कनाडा एक नई साझेदारी के युग में प्रवेश कर रहे हैं। यह बयान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता के बाद दिया।

दोनों नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की और व्यापार, निवेश, ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, कृषि, शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार, और जन-जन संपर्क को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार, बैठक में दोनों देशों के बीच सहयोग को और गहरा करने पर जोर दिया गया। यह प्रधानमंत्री कार्नी का भारत का पहला औपचारिक दौरा है। उन्होंने 27 फरवरी को मुंबई से अपनी यात्रा शुरू की और इसके बाद नई दिल्ली पहुंचे। दिल्ली में अपने कार्यक्रमों को पूरा करने के बाद वह सोमवार को देश से रवाना होंगे। दोपहर में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी कनाडाई प्रधानमंत्री से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके संकल्प का स्वागत किया। जयशंकर ने अपने X पोस्ट में कहा, "नई दिल्ली में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क जे. कार्नी से मुलाकात करके खुशी हुई। उनके दृष्टिकोणपूर्ण साझेदारी के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं। प्रधानमंत्री कार्नी का स्वागत रविवार शाम को वाणिज्य और उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने किया। सोमवार की यह बैठक G7 सम्मेलन (कनानास्किस, जून 2025) और G20 सम्मेलन (जोहान्सबर्ग, नवंबर 2025) में मोदी और कार्नी की पिछली मुलाकातों को आगे बढ़ाती है। बैठक में दोनों नेताओं ने वैश्विक और क्षेत्रीय विकास पर भी विचार साझा किए। इसके अलावा, वे भारत-कनाडा CEO फोरम में भी भाग लेने वाले हैं, जहां व्यवसायिक सहयोग को बढ़ावा देने के अवसरों पर चर्चा होगी। यह दौरा भारत-कनाडा संबंधों में नई ऊर्जा और बहुआयामी सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# पटियाला की लॉ यूनिवर्सिटी से 'राजीव गांधी' नाम हटाने का प्रस्ताव पास

## नाम बदलकर 'नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी' करने की तैयारी

**कांग्रेस ने बताया चुनावी स्टंट, पंजाब उच्च शिक्षा विभाग को भेजा जाएगा प्रस्ताव**

समर न्यूज़ | पटियाला




पटियाला स्थित राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ की अकादमिक काउंसिल ने विश्वविद्यालय का नाम बदलकर केवल "नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी" करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस ने इस कदम को 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले "मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने की कोशिश" करार दिया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जयशंकर सिंह के मुताबिक अकादमिक काउंसिल ने मौजूदा नाम "राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ" को बदलकर "नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी" करने का प्रस्ताव पारित किया है। यह प्रस्ताव अब आगे की कार्रवाई के लिए एग्जीक्यूटिव काउंसिल को भेजा गया है। कार्यकारी परिषद ने 20 नवंबर 2025 को हुई अपनी बैठक में अकादमिक परिषद की सिफारिशों पर विचार किया। विस्तृत चर्चा के बाद कार्यकारी परिषद ने विश्वविद्यालय का नाम बदलकर 'नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पंजाब' करने की सिफारिश को मंजूरी दे दी।

**कानून में संशोधन के बाद ही बदलेगा नाम**

एग्जीक्यूटिव काउंसिल से मंजूरी मिलने के बाद प्रस्ताव पंजाब उच्च शिक्षा विभाग को भेजा जाएगा। इसके लिए राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, पंजाब एक्ट 2006 में संशोधन करना आवश्यक होगा। पटियाला-2 रूरल से विधायक व सेहत मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने इस विवाद को ध्यान भटकाने की रणनीति बताया। उन्होंने केंद्र सरकार पर अपनी विफलताओं से ध्यान हटाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने अभी तक इस मामले पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है। साथ ही उन्होंने जोड़ा कि वह नाम बदलने की राजनीति में विश्वास नहीं रखते।

**कांग्रेस का तीखा विरोध**

पटियाला से सांसद डॉ. धर्मवीर गांधी ने इस फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और राजीव गांधी के कार्यकाल में स्थापित संस्थान शिक्षा, वैज्ञानिक सोच, तकनीकी प्रगति और सामाजिक कल्याण को मजबूत करने के उद्देश्य से बनाए गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस देशभर में कांग्रेस की विरासत से जुड़े संस्थानों के नाम बदलने की कोशिश कर रहे हैं। यह कदम शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी और पर्यावरण जैसे मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने का महज प्रयास मात्र है। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने इस फैसले को दुखद और शर्मनाक करार दिया। वड़िंग ने कहा कि 2027 में पंजाब में कांग्रेस सरकार बनने पर विश्वविद्यालय का मूल नाम बहाल किया जाएगा। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने भी इस कदम को शर्मनाक और ओछी राजनीति करार देते हुए कहा कि जनता सब देख रही है और सच्चाई धीरे-धीरे सामने आ रही है।

**2006 में हुई थी स्थापना**

यह विश्वविद्यालय राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, वर्ष 2006 में पंजाब विधानसभा के एक अधिनियम के माध्यम से स्थापित इस विश्वविद्यालय को वैश्वीकरण और उदारीकरण के दौर में राष्ट्रीय स्तर की विधि संस्था तथा विधि शिक्षा में उत्कृष्टता केंद्र के रूप में परिकल्पित किया गया था। इसने 26 मई 2006 को पटियाला स्थित मोहिंद्रा कोठी में अपने मुख्यालय से कार्य शुरू किया और उसी वर्ष जुलाई में बार काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त की। नाम परिवर्तन को लेकर अब अंतिम फैसला राज्य सरकार और विधायी प्रक्रिया के बाद ही संभव होगा, लेकिन फिलहाल इस मुद्दे ने पंजाब की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है।

पेज 1 एंकर स्टोरी

## ईरान को बासमती भेजने वाले निर्यातकों को शिपमेंट और पेमेंट में देरी का सामना

# ईरान-इज़रायल जंग से भारतीय चावल निर्यात पर संकट

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

ईरान वॉर टेंशन का असर दिखने लगा है। अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए अटैक के बाद ईरान ने भी जमकर मिसाइल अटैक किए। इस बीच ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामनेई की मौत हो गई। मिडिल ईस्ट में बढ़ी इस टेंशन का असर भारतीय चावल निर्यातकों पर दिखने लगा है और एक्सपोर्टर शिपमेंट में रुकावट और पेमेंट में देरी का सामना करने को मजबूर हो रहे हैं। पहले से ही इस जंग का आशंका के बीच परेशानियां बढ़ती नजर आने लगी थीं। गौरतलब है कि अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान पर बड़ा हमला शुरू किया था, जिसमें ट्रंप ने ईरानी जनता से अपनी किस्मत का कंट्रोल अपने हाथ में लेने और 1979 से उनके देश पर राज कर रहे इस्लामिक लीडरशिप के खिलाफ खड़े होने की अपील की थी। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, हरियाणा में चावल एक्सपोर्टर ईरान पर अमेरिका और इज़राइली के हमलों के बाद ईरान और अफगानिस्तान जाने वाले शिपमेंट में पेमेंट में देरी और रुकावट का सामना कर रहे हैं। राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के स्टेट यूनिट प्रेसिडेंट सुशील कुमार जैन ने कहा कि इस जंग का चावल के ट्रेड पर असर शुरू हो चुका है। जो शिपमेंट ईरान या ईरान के सबसे बड़े पोर्ट बंदर अब्बास के रास्ते अफगानिस्तान जा रहे थे, वे अटक गए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक हालात ठीक नहीं हो जाते, ये शिपमेंट रुके रहेंगे और इसका असर मार्केट पर पड़ेगा, जिससे पेमेंट में भी देरी हो सकती है। हालांकि, जैन के मुताबिक, इसके पूरे असर का अंदाजा लगाना अभी जल्दबाजी होगी, क्योंकि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि लड़ाई कितने समय तक चलती है। बासमती चावल के निर्यात को लेकर सुशील कुमार जैन कहा कि भारत के कुल सालाना चावल निर्यात में करीब 35 फीसदी हिस्सा हरियाणा से होता है। करनाल के एक राइस मिलर नीरज कुमार की मानें, तो शनिवार से लड़ाई शुरू होने के बाद अनिश्चितता की स्थिति है। एक दिन के अंदर व्यापार पर असर दिखा है, जिससे बासमती के रेट में लगभग 4-5 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट आई है और ये 400-500 रुपये प्रति क्विंटल होती है। उन्होंने बताया कि ऐसा ही असर बीते साल जून 2025 में ईरान-इजराइल संघर्ष के दौरान दिखा था। उन्होंने कहा कि, `भारत के बासमती एक्सपोर्ट में हरियाणा का सबसे ज्यादा हिस्सा है। ईरान हमारे बासमती का सबसे बड़ा खरीदार है, जबकि इसे UAE, ओमान, यमन और इराक जैसे दूसरे देशों में भी एक्सपोर्ट किया जाता है। मार्च के शिपमेंट पर सीधा असर दिखने वाला है। जहां करनाल बासमती एक्सपोर्ट का मेन हब है। वहीं कैथल और सोनीपत भी विदेशी शिपमेंट में हिस्सा लेते हैं। एक्सपोर्टर युद्ध के दौरान जहाजों के लिए इंश्योरेंस कवरेज की कमी को लेकर भी परेशान हैं, जिससे उनका रिस्क बढ़ जाता है. सऊदी अरब के बाद ईरान भारत का दूसरा सबसे बड़ा बासमती चावल मार्केट है। भारत ने मार्च में खत्म हुए फाइनेंशियल ईयर 2024-25 के दौरान ईरान को लगभग 1 मिलियन टन खुशबूदार अनाज एक्सपोर्ट किया था। इस दौरान लगभग 6 मिलियन टन बासमती चावल का निर्यात किया गया था, जिसकी डिमांड मुख्य रूप से मिडिल ईस्ट और वेस्ट एशियन मार्केट से आई थी। दूसरे बड़े खरीदारों में इराक, यूएई और अमेरिका शामिल हैं।

# बैंकों और स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

## तीन बैंक और छह स्कूल को मिली धमकी, छात्रों और स्टाफ को निकालकर किए गए सुरक्षा जांच

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को कम से कम तीन बैंकों और छह स्कूलों को बम धमकी वाले ईमेल प्राप्त हुए, जिसके बाद अधिकारियों ने तुरंत सुरक्षा टीमें घटनास्थल पर भेजीं और विस्तृत जांच शुरू की। दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारियों ने बताया कि इन बैंकों में कनेक्ट प्लेस स्थित एक्सिस बैंक, AIIMS शाखा एसबीआई और शाहदरा स्थित एसबीआई शाखा शामिल हैं।

वहीं, धमकी वाले ईमेल प्राप्त करने वाले स्कूलों में दिल्ली कैंट स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल, सलवान पब्लिक स्कूल, सरदार पटेल विद्यालय, जनकपुरी स्थित मीरा पब्लिक स्कूल, रामजस पब्लिक स्कूल और राजेंद्र नगर स्थित रामजस स्कूल शामिल हैं।

DFS के अनुसार, सुबह 8:20 बजे से बम धमकी के कॉल आने लगे, ईमेल प्राप्त होने के बाद। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि "स्थानीय पुलिस, बम निरोधक दस्ते, डॉग स्क्वाड और फायर डिपार्टमेंट की टीमें तुरंत घटनास्थलों पर भेजी गईं। सभी स्थानों पर विस्तृत एंटी-साबोटेज जांच जारी है। स्कूल परिसर में छात्रों और कर्मचारियों को सतर्कता के तौर पर सुरक्षित बाहर निकाला गया और अभिभावकों को सूचित किया गया कि घबराने की जरूरत नहीं है। सुरक्षा एजेंसियों ने परिसर की पूरी सफाई और जांच शुरू कर दी। सरदार पटेल विद्यालय ने अभिभावकों को संदेश में बताया कि सुबह सुरक्षा धमकी मिली थी और पुलिस टीम परिसर में आवश्यक सुरक्षा उपाय कर रही थी। सभी छात्रों को सुरक्षित निकाला गया। संदेश में यह भी कहा गया कि जूनियर स्कूल की कक्षाएं परिसर सुरक्षित घोषित होने के बाद फिर शुरू होंगी, जबकि वरिष्ठ स्कूल के छात्रों की परीक्षाएं सुरक्षा एजेंसियों की मंजूरी के बाद आयोजित की जाएंगी। पुलिस ने कहा कि सुरक्षा कर्मी सभी प्रभावित स्कूलों और बैंक शाखाओं में कक्षाओं, गलियारों, प्रशासनिक ब्लॉकों, पार्किंग क्षेत्रों और आसपास के क्षेत्रों की विस्तारपूर्वक जांच कर रहे हैं। अब तक किसी भी स्थान पर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं पाई गई है। पुलिस ने यह भी बताया कि ईमेल की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

ये घटनाएं ऐसे समय में हुई हैं जब शहर में सुरक्षा की सतर्कता बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सुरक्षा एजेंसियों के निर्देशों का पालन करें। इस बीच, बैंक और स्कूल प्रशासन ने भी छात्रों, कर्मचारियों और ग्राहकों को सुरक्षित रखने के लिए आपातकालीन योजनाओं को सक्रिय किया और सभी सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए।

# होला मोहल्ला पर श्री आनंदपुर साहिब में पहली स्थायी एसी टेंट सिटी का शुभारंभ

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित हो रहे होला मोहल्ला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भारत की पहली सर्व-ऋतु अनुकूल स्थायी एयर-कंडीशंड टेंट सिटी स्थापित की गई है। पंजाब भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अस्थायी ढांचे की सफलता के बाद इस स्थायी व्यवस्था का निर्णय लिया गया, जो अब पूरी तरह से संगत को समर्पित है।

मंत्री ने इसे पंजाब के धार्मिक पर्यटन के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह वातानुकूलित टेंट सिटी वर्षभर श्रद्धालुओं को आरामदायक आवास उपलब्ध कराएगी और मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत आने वाले श्रद्धालुओं को विशेष सुविधा देगी। इससे श्री आनंदपुर साहिब की पर्यटन संभावनाओं को भी बढ़ावा मिलेगा। इस वर्ष 'ग्रीन होला मोहल्ला' मनाने की घोषणा करते हुए मंत्री ने बताया कि सिंगल-यूज़ प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। लंगर स्थलों पर बायोडिग्रेडेबल बर्तनों का उपयोग अनिवार्य किया गया है, जिसका खर्च पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड वहन करेगा। लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है। श्रद्धालुओं के प्रबंधन के लिए रूपनगर जिला प्रशासन ने 28 समर्पित पार्किंग जोन, दो ट्रॉली सिटी और एक ट्रॉली स्ट्रीट की व्यवस्था की है। इन स्थलों पर बाथरूम, सीसीटीवी निगरानी और एलईडी स्क्रीन जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। तख्त श्री केसगढ़ साहिब और किला आनंदगढ़ साहिब तक पहुंच के लिए 100 ई-रिक्शा शटल सेवाएं चलाई जाएंगी। स्वास्थ्य और सुरक्षा के मद्देनजर चरण गंगा स्टेडियम और तख्त श्री केसगढ़ साहिब में एंबुलेंस तैनात की गई हैं। प्रत्येक प्रमुख स्थल पर आम आदमी क्लिनिक कार्यरत रहेगा और मुख्य मार्गों पर त्रिस्तरीय बैरिकेडिंग लागू की गई है। 2 और 3 मार्च की शाम विरासत-ए-खालसा में भव्य आतिशबाजी का आयोजन होगा। प्रमुख कार्यक्रमों के लाइव प्रसारण के लिए 20 बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं। मंत्री ने आयोजन की तैयारियों में जुटे अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

# पंजाब में युद्ध नशा विरूद्ध का एक साल पूरा

## 36 हजार से अधिक एफआईआर दर्जः मुख्यमंत्री भगवंत मान

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम के एक वर्ष पूर्ण होने पर राज्यवासियों को बधाई दी और इसे नशे के खिलाफ निर्णायक अभियान बताया। उन्होंने कहा कि यह पहल पंजाब को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हुई है और इससे नशा आपूर्ति के नेटवर्क पर प्रभावी रोक लगी है। मुख्यमंत्री ने बयान जारी कर कहा कि यह अभियान ड्रग नेटवर्क के खिलाफ अब तक की सबसे व्यापक कार्रवाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सरकारों के समय नशे का कारोबार फलता-फूलता रहा, जबकि वर्तमान सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए सप्लाई लाइन तोड़ने और बड़े तस्करों को गिरफ्तार करने की नीति अपनाई है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार मार्च 2025 से फरवरी 2026 तक जीरो-टॉलरेंस नीति के तहत कुल 36,178 एफआईआर दर्ज की गईं और 51,648 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 2,277 किलोग्राम हेरोइन और 49 लाख से अधिक नशीली गोलियां व कैप्सूल जब्त किए गए। साथ ही 16.70 करोड़ रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई और तस्करों से संबंधित करोड़ों रुपये की संपत्तियां जब्त या ध्वस्त की गईं। मुख्यमंत्री ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत सजा दर लगभग 84 प्रतिशत रही, जो वर्ष 2025 में बढ़कर करीब 88 प्रतिशत तक पहुंच गई। उन्होंने इसे मजबूत केस तैयारी और फॉरेंसिक सहयोग का परिणाम बताया। उन्होंने दोहराया कि सरकार नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखेगी और युवाओं को इस खतरे से बचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह लड़ाई केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा संकल्प है।

# फर्जी दस्तावेजों से जमानत दिलाने वाले तीन गिरफ्तार

समर न्यूज़ | मोगा

मोगा के सीआईए स्टाफ ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए अपराधियों की जमानत दिलाने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों मनु आवा बस्ती फिरोजपुर, आकाश उर्फ संजू गांव कुंडे, फिरोजपुर और गुरविंदर सिंह उर्फ गौरव गांव खोसा पांडो, मोगा को गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी फर्जी आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज तैयार कर विभिन्न अदालतों में अपराधियों की जमानत करवाते थे और इसके बदले मोटी रकम वसूलते थे। जांच में पता चला कि उन्होंने कई लोगों की फर्जी जमानतें करवाई हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 11 फर्जी आधार कार्ड, एक फर्जी पंचायत सदस्य का आईडी कार्ड, 4,500 रुपये और एक मोटरसाइकिल की आरसी बरामद की। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# मध्य एशिया और मध्य पूर्व में फंसे पंजाबियों की सहायता हेतु 24x7 हेल्पलाइन जारीः डॉ. रवजोत

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच चल रहे टकराव के मद्देनज़र पंजाब सरकार ने मध्य एशियाई देशों और मध्य पूर्व में फंसे पंजाबियों की सहायता के लिए समर्पित 24x7 हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। इस संबंध में पंजाब के एनआरआई मामलों के मंत्री डॉ.रवजोत सिंह ने कहा कि राज्य सरकार समूची स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है तथा प्रभावित लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए लगातार समन्वय किया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से भी तत्काल सहयोग की अपील की है ताकि प्रभावित व्यक्तियों की शीघ्र वापसी संभव हो सके। पंजाब भवन में आज यह घोषणा करते हुए पंजाब के एन. आर. आई. मामलों के मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने कहा, "राज्य सरकार हालात पर लगातार नजर रख रही है और प्रभावित क्षेत्रों से प्राप्त कॉल्स पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया, "हमें मध्य एशिया से लगातार फोन कॉल प्राप्त हो रहे हैं, जिनमें अधिकांश पंजाबी पर्यटक शामिल हैं। पंजाब सरकार विदेशों में फंसे हर पंजाबी के साथ मजबूती से खड़ी है और उनकी सुरक्षित निकासी तथा घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। सहायता व्यवस्था की जानकारी देते हुए मंत्री ने बताया कि तत्काल सहायता एवं समन्वय के लिए 0172-2260042, 0172-2260042 (विदेशी नागरिकों के लिए) और 1100 (भारत के निवासियों के लिए) हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। ये हेल्पलाइन 24 घंटे कार्यरत रहेंगी और मार्गदर्शन प्रदान करने, जानकारी एकत्र करने तथा निकासी एवं राहत कार्यों के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने का कार्य करेंगी। उन्होंने आगे बताया कि इस संबंध में एडीजीपी एनआरआई विंग आर .के . जायसवाल की अध्यक्षता में एक विशेष समिति का गठन किया गया है, जो स्थिति की निगरानी और समन्वय का कार्य करेगी। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय की आवश्यकता पर जोर देते हुए मंत्री ने कहा, "पंजाब सरकार फंसे हुए व्यक्तियों की सुरक्षित निकासी के लिए केंद्र सरकार के साथ शीघ्र बैठक करने की इच्छुक है। हमारा विश्वास है कि आपसी सहयोग से राहत उपायों को तेज किया जा सकता है और संकट में फंसे अपने लोगों को समय पर सहायता दी जा सकती है। प्रजनाओं पर कार्य कर रहा है।

# मोगा पुलिस के सीआईए स्टाफ ने तीन किलो अफीम पकड़ी

समर न्यूज़ | मोगा



मोगा पुलिस के सीआईए स्टाफ ने गश्त के दौरान नशा तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। तलाशी में उसके पास 3 किलोग्राम अफीम बरामद की है। इस संबंध में एसपी बालकृष्ण सिंगला ने एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में नशा मुक्त अभियान के तहत कार्रवाई तेज की गई है। एसपी सिंगला ने बताया कि एसआई सतनाम सिंह की अगुआई में सीआईए स्टाफ मोगा की टीम रविवार को गश्त कर रही थी। गांव लोहारा स्थित बाबा दामू शाह की दरगाह के पास टीम जांच कर रही थी। इसी इसी दौरान मुखबिर ने नशे की बड़ी खेप के बारे में सूचना दी। उसने बताया कि गुरदेव सिंह पुत्र बलवीर सिंह निवासी दोलेवाला, जिला मोगा लंबे समय से नशा तस्करी का धंधा करता है। वह भारी मात्रा में अफीम लेकर गांव वर्रे के बस अड्डे के पास, मोगा-कोट ईसे खां मुख्य मार्ग पर अपने ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। इस पर पुलिस ने घेरा बंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान गुरदेव सिंह को काबू कर तलाशी ली गई। इसमें उसके पास से एक पारदर्शी प्लास्टिक लिफाफे में 3 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। यह पूरी कार्रवाई डीएसपी सतवंत सिंह की मौजूदगी में की गई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

# कोर्ट ने IYC के नौ कार्यकर्ताओं को दी जमानत

## नारे भड़काऊ नहीं थे, लोगों को डराने का सबूत नहींः कोर्ट

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने एआई समिट के दौरान शर्टलेस विरोध प्रदर्शन के मामले में गिरफ्तार इंडियन यूथ कांग्रेस (IYC) के नौ कार्यकर्ताओं को सोमवार को जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह प्रदर्शन सरकार की आलोचना का एक तरीका प्रतीत होता है और मुकदमा शुरू होने से पहले आरोपियों को जेल में रखना कानून के मूल सिद्धांतों के अनुरूप नहीं है। न्यायिक मजिस्ट्रेट (फर्स्ट क्लास) रवि ने कृष्ण हरि, नरसिंह यादव, कुंदन कुमार यादव, अजय कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह यादव, राजा गुर्जर, अजय कुमार विमल उर्फ बंटू, सौरभ सिंह और अरबाज खान की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि प्रदर्शन के दौरान लगाए गए नारे न तो भड़काऊ थे और न ही उनमें किसी प्रकार का धार्मिक या क्षेत्रीय रंग था। रिकॉर्ड पर उपलब्ध सामग्री से किसी प्रकार की तोड़फोड़ या आम लोगों को भयभीत करने का स्पष्ट प्रमाण नहीं मिला। अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि प्रदर्शनकारियों को सुरक्षा के साथ स्थल से बाहर ले जाया गया था। कोर्ट ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक संवैधानिक अधिकार है और किसी व्यक्ति को केवल अपवादात्मक परिस्थितियों में ही न्यायिक हिरासत में रखा जाना चाहिए। बिना पर्याप्त कारण के ट्रायल से पहले हिरासत में रखना, दोष सिद्ध होने से पूर्व दंड के समान होगा। दिल्ली पुलिस ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि 20 फरवरी को एआई समिट स्थल पर आरोपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीरों वाली टी-शर्ट पहनकर या हाथ में लेकर पहुंचे थे। टी-शर्ट पर कुछ राजनीतिक नारों का उल्लेख था। पुलिस के अनुसार, कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय मीडिया मौजूद थी और नारेबाजी के दौरान पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की हुई, जिसमें कुछ कर्मियों को चोटें आईं। हालांकि अदालत ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर जमानत मंजूर कर ली। मामले की आगे की सुनवाई निर्धारित तिथि पर की जाएगी।

# पाक गई पंजाबी महिला को झटका हाईकोर्ट ने निकाह का रिकॉर्ड मांगा

एजेंसी | अमृतसर



सिख जत्थे के साथ पंजाब से दर्शन के बहाने पाकिस्तान जाकर मुस्लिम व्यक्ति से निकाह करने वाली पंजाबी महिला सरबजीत कौर के भारतीय पति करनैल सिंह ने लाहौर हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिका 24 फरवरी 2026 को दायर हुई, जिस पर आज (2 मार्च, 2026) पहली सुनवाई हुई। इसमें करनैल सिंह ने सरबजीत और नासिर हुसैन के निकाह को रद्द करने की मांग रखी। सुनवाई के दौरान करनैल सिंह के वकील अली चंगेजी संधू ने तर्क दिया कि शादी के लिए सबसे पहले आवश्यक है कि गैर-मुस्लिम महिला को अपने घरेलू कानून के अनुसार न्यायिक तलाक लेना होगा। उसके बाद गैर-मुस्लिम पति को इस्लाम अपनाने का आमंत्रण देना होगा और 90 दिन प्रतीक्षा करनी होगी। तलाक के बिना की गई दूसरी शादी में शारीरिक संबंध जिनाह माना जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे मामलों में कई याचिकाएं पहले भी दी जा चुकी हैं, जिनका रिकॉर्ड कोर्ट में मौजूद है। इसके बाद जस्टिस फारूक हैदर की कोर्ट ने दोनों पक्षों के वकीलों को आदेश दिया कि अगली सुनवाई 6 मार्च को होगी। उस दौरान वकील सभी इस केस से संबंधित सभी याचिकाएं और रिकॉर्ड कोर्ट में पेश करेंगे।

# लूटपाट गिरोह के 5 सदस्य गिरफ्तार

समर न्यूज़ | अबोहर

फाजिल्का जिले के अबोहर में पुलिस ने शहर में लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से तलवार, खंडा, कापा, लोहे की पाइप से बंधी संगली, गंडासी और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। थाना नंबर एक पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध पंजपीर नगर की गली नंबर 7 में किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर टीम ने दबिश दी और अजीत नगर निवासी आकाशदीप, मंगा सिंह, वीरु सिंह, रफी और डंगरखेड़ा निवासी सूरज को पकड़ा। थाना प्रभारी रविंद्र सिंह भीटी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं 310 (4) और 310 (5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरोह का मुख्य सरगना जसलीन मसीह उर्फ बिन्नी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

**निवेश** | गंगा एक्रोवूल्स लिमिटेड विस्तार के साथ 1500 नए रोजगार सृजित करेगीः संजीव अरोड़ा

# पंजाब में ऊनी और फैंसी धागा उद्योग में 750 करोड़ रुपये का निवेश

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, बिजली और स्थानीय निकाय मंत्री संजीव अरोड़ा ने आज यहां कहा कि पंजाब सरकार राज्य को निवेशकों के लिए पसंदीदा गंतव्य बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में ऊनी और फैंसी धागों की अग्रणी निर्माता कंपनी गंगा एक्रोवूल्स लिमिटेड ने पंजाब में अपने कारोबार के विस्तार की घोषणा की है।

संजीव अरोड़ा ने बताया कि कंपनी 60 से अधिक देशों को अपने उत्पाद निर्यात करती है और वर्तमान में इसमें 5600 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी का वार्षिक टर्नओवर लगभग 850 करोड़ रुपये है। साथ ही उन्होंने बताया कि पिछले 4–5 वर्षों में कंपनी ने 3000 से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान किया है और वर्ष 1998 से हर औद्योगिक नीति के तहत पंजाब में निरंतर निवेश करती आ रही है। उन्होंने कहा कि ताजा निवेश के माध्यम से कंपनी 1500 से अधिक नए रोजगार अवसर भी सृजित करेगी। नए प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि कंपनी अब पंजाब में 690 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही है, जिसमें से 53 करोड़ रुपये पराली-आधारित बॉयलर और टरबाइन की स्थापना पर खर्च किए जाएंगे। इससे प्रतिवर्ष लगभग 1,20,000 टन पराली (10,000 टन प्रति माह) की खपत होगी, जिससे लगभग 20–25 किलोमीटर के दायरे में आने वाले खेतों को पराली जलाने की समस्या से राहत मिलेगी।

कंपनी के अध्यक्ष अमित थापर ने बताया कि पिछले निवेशक सम्मेलन में 301 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की गई थी। उन्होंने कहा कि राज्य में अनुकूल औद्योगिक माहौल, कारोबार की सुगमता को बढ़ावा देने वाली नीतियों और लागत में कमी के कारण निवेश राशि को संशोधित कर 690 करोड़ रुपये किया गया और अब इसे बढ़ाकर लगभग 750 करोड़ रुपये किया जा रहा है। इसमें से 400 करोड़ रुपये का निवेश पहले ही किया जा चुका है और शेष निवेश अगले 24 महीनों में किया जाएगा।

उन्होंने आगे बताया कि विस्तार के बाद कंपनी बुनाई, कालीन और तकनीकी टेक्सटाइल के विभिन्न सेगमेंट्स के लिए धागों का निर्माण करेगी। यह विस्तार उच्च-मूल्य टेक्सटाइल निर्माण और निर्यात में पंजाब की स्थिति को और सुदृढ़ करेगा। इस परियोजना से अतिरिक्त रोजगार सृजन के साथ-साथ स्थानीय मूल्य श्रृंखला, एमएसएमई इकाइयों और सहायक उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। यह विस्तार पंजाब की प्रगतिशील औद्योगिक नीतियों और निवेशक-अनुकूल वातावरण का प्रमाण है, जो घरेलू और वैश्विक निर्माताओं के विश्वास को और मजबूत करेगा।

# बंगाल में भाजपा सत्ता में आएगी तो घुसपैठियों को राज्य से निकाला जाएगाः अमित शाह

एजेंसी | कोलकाता




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा के दौरान कहा कि राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाल को घुसपैठियों का "स्वर्ग" बना दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि BJP की सरकार बनने पर राज्य से हर घुसपैठिए की पहचान कर उसे बाहर किया जाएगा। शाह ने अपने भाषण में बताया कि वर्तमान समय में वोटर रोल से केवल घुसपैठियों के नाम हटाए जा रहे हैं, लेकिन अगर पार्टी बहुमत के साथ सत्ता में आती है, तो राज्य से अवैध रूप से रहने वाले सभी घुसपैठियों को बाहर किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हिंदू शरणार्थियों की नागरिकता नहीं छीनी जाएगी। गृह मंत्री ने ममता सरकार पर सीमाओं की सुरक्षा न कर पाने का आरोप लगाया और कहा कि BJP सत्ता में आने पर घुसपैठ और भ्रष्टाचार दोनों पर काबू पाया जाएगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी मंदिरों के उद्घाटन में व्यस्त थीं, जबकि राज्य में मस्जिद निर्माण की अनुमति दी जा रही थी। उन्होंने यह भी कहा कि TMC नेता हुमायूं कबीर की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर मस्जिद बनाने की कोशिश साजिश का हिस्सा थी। परिवर्तन यात्रा 2026 पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले एक बड़ा राज्यव्यापी अभियान है। इस यात्रा का कुल 5,000 किलोमीटर से अधिक का सफर तय करना है, जिसमें 63 बड़ी रैलियां और 282 छोटी सभाएं शामिल हैं। यह अभियान 9 अलग-अलग मार्गों पर आयोजित किया जा रहा है, जिनमें से चार पहले ही शुरू हो चुकी हैं। यात्रा का समापन कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक भव्य रैली से होगा, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे। पार्टी सूत्रों ने कहा कि इसका लक्ष्य 1 करोड़ से अधिक नागरिकों तक सीधे पहुंचना और बूथ-लेवल संगठन को मजबूत करना है।

अमित शाह ने कहा कि दशकों तक कम्युनिस्ट शासन और उसके बाद TMC सरकार के कारण बंगाल की स्थिति बिगड़ी है और अब "सोनार बांग्ला" को फिर से स्थापित करने का समय आ गया है।

# ईरान पर मजबूत पकड़ रखने वाले सुप्रीम लीडर ने क्षेत्रीय शक्ति के रूप में गढ़ा इस्लामिक गणराज्य

## अमेरिकी-इज़रायली हमलों के बीच अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत

एजेंसी | तेहरान/वॉशिंगटन




ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का शनिवार को अमेरिकी हमले में मारे गए। वह 86 वर्ष के थे। उनकी मौत ऐसे समय में हुई, जब अमेरिका और इज़रायल ने ईरान पर व्यापक सैन्य हमले शुरू किए थे। तीन दशक से अधिक समय तक सत्ता में रहने वाले खामेनेई ने इस्लामिक गणराज्य को एक क्षेत्रीय शक्ति के रूप में स्थापित किया, लेकिन उनके शासन को कठोर दमन, विरोधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पश्चिम विरोधी नीतियों के लिए भी जाना जाता रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल के हफ्तों में मध्य पूर्व में सैन्य उपस्थिति बढ़ाई थी और ईरान से उसके परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करने तथा बैलिस्टिक मिसाइलों पर प्रतिबंध स्वीकार करने की मांग की थी। हमलों की शुरुआत के बाद ट्रंप ने ईरानी नागरिकों से अपनी सरकार के खिलाफ खड़े होने की अपील भी की। इसी उथल-पुथल के बीच खामेनेई के मारे जाने की खबर सामने आई।

**35 वर्षों तक सत्ता का केंद्रीकरण**

अयातुल्ला अली खामेनेई 1989 में देश के संस्थापक नेता अयातुल्ला रुहोल्लाह खोमैनी के निधन के बाद ईरान के सुप्रीम लीडर बने थे। हालांकि उनके पास उस समय शीर्ष धार्मिक पद के लिए अपेक्षित पारंपरिक धार्मिक योग्यता नहीं मानी जाती थी, फिर भी वे समझौता उम्मीदवार के रूप में उभरे और धीरे-धीरे उन्होंने सत्ता को अपने हाथों में केंद्रीकृत कर लिया।

उनके नेतृत्व में ईरान ने क्रांतिकारी इस्लामी विचारधारा को और अधिक कठोर रूप में अपनाया। उन्होंने सुधारवादी प्रयासों को कई बार रोका और सार्वजनिक असंतोष को पश्चिम प्रायोजित साजिश करार दिया। 2009 के विवादित राष्ट्रपति चुनावों के बाद हुए ग्रीन मूवमेंट के विरोध प्रदर्शनों को जिस सख्ती से कुचला गया, उसने उनके शासन की छवि को गहरा धक्का पहुंचाया। बाद के वर्षों में 2017, 2019 और 2022 में भी बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए, जिन पर सुरक्षा बलों ने कठोर कार्रवाई की।

**रिवोल्यूशनरी गार्ड का विस्तार और आंतरिक नियंत्रण**

खामेनेई ने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स आईआरजीसी को अत्यधिक सशक्त बनाया। इसकी खुफिया शाखा घरेलू असंतोष को नियंत्रित करने का प्रमुख औजार बनी। आलोचकों, पत्रकारों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी आम बात रही। महिलाओं पर सख्त सामाजिक प्रतिबंध लागू रहे और नैतिक पुलिस की भूमिका लंबे समय तक विवादों में रही।

जनवरी 2026 में आर्थिक मुद्दों को लेकर शुरू हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षा बलों को प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने का आदेश दिए जाने की खबरों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीखी प्रतिक्रिया पैदा की। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, पिछले दशक में हजारों लोग गिरफ्तार हुए और कई मारे गए, जबकि बड़ी संख्या में ईरानी नागरिक देश छोड़ने को मजबूर हुए।

**परमाणु कार्यक्रम पर अडिग रुख**

खामेनेई का सबसे विवादास्पद और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित रुख ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर रहा। वे लगातार इस बात पर जोर देते रहे कि परमाणु ईंधन संवर्धन ईरान का संप्रभु अधिकार है। 2015 में उन्होंने एक ऐतिहासिक परमाणु समझौते को मंजूरी दी, जिसके तहत ईरान ने यूरेनियम संवर्धन पर सीमाएं स्वीकार कीं और बदले में अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों में राहत मिली।

हालांकि 2018 में अमेरिका के समझौते से बाहर निकलने और नए प्रतिबंध लगाने के बाद स्थिति फिर तनावपूर्ण हो गई। खामेनेई ने इसे अपनी पश्चिम के प्रति अविश्वास की पुष्टि बताया। इसके बाद ईरान और अमेरिका के बीच संबंध लगातार तनावपूर्ण बने रहे।

**क्षेत्रीय प्रभाव का विस्तार**

खामेनेई के नेतृत्व में ईरान ने मध्य पूर्व में अपनी पकड़ मजबूत की। गाजा, इराक, लेबनान और यमन में सहयोगी मिलिशियाओं को समर्थन देकर तेहरान ने अपने प्रभाव का दायरा बढ़ाया। इराक पर 2003 में अमेरिकी आक्रमण और 2014 में इस्लामिक स्टेट के उभार के बाद ईरान समर्थित बलों की भूमिका बढ़ी। इससे क्षेत्रीय राजनीति में ईरान का कद और मजबूत हुआ, हालांकि इससे सऊदी अरब और इजरायल के साथ तनाव भी बढ़ा। खामेनेई अमेरिका को "महान शैतान" और इजरायल को "कैंसरग्रस्त ट्यूमर" कहकर संबोधित करते रहे। इसके बावजूद उन्होंने प्रत्यक्ष बड़े सैन्य टकराव से प्रायः परहेज किया और अप्रत्यक्ष रणनीतियों के जरिए प्रभाव बनाए रखा।

**आकस्मिक नेता से दीर्घकालिक शासक तक**

कई विश्लेषकों ने खामेनेई को "आकस्मिक नेता" कहा है। 1981 में राष्ट्रपति पद पर उनकी नियुक्ति उस समय हुई जब तत्कालीन राष्ट्रपति की हत्या कर दी गई थी। 1989 में सुप्रीम लीडर बनने के बाद उन्होंने धीरे-धीरे संस्थागत ढांचे को अपने अनुरूप ढाल लिया।

हालांकि वे अपने पूर्ववर्ती खोमैनी जैसी करिश्माई छवि नहीं बना पाए, फिर भी उन्होंने सत्ता संरचना में खुद को सर्वोच्च निर्णायक के रूप में स्थापित किया। वे अक्सर सादगीपूर्ण जीवनशैली का प्रदर्शन करते थे साधारण कमरे में विदेशी नेताओं से मुलाकात और न्यूनतम साज-सज्जा उनकी सार्वजनिक छवि का हिस्सा रही। लेकिन आलोचकों का आरोप था कि असली शक्ति और वित्तीय संसाधनों पर उनका व्यापक नियंत्रण था।

**जन असंतोष और बदलता समाज**

ईरान के भीतर युवा और शहरी मध्यम वर्ग में बदलाव की चाह बढ़ती रही। 2009 का ग्रीन मूवमेंट, 2019 के ईंधन मूल्य विरोध प्रदर्शन और 2022 में महिलाओं के अधिकारों को लेकर हुए आंदोलन इस असंतोष की झलक थे। हर बार सरकार ने सख्त रुख अपनाया।

2024 में सुधारवादी उम्मीदवार मसूद पेजेश्कियन की अप्रत्याशित जीत को कई पर्यवेक्षकों ने जनभावना का संकेत माना, लेकिन यह सवाल बना रहा कि उन्हें वास्तविक नीति परिवर्तन की कितनी स्वतंत्रता मिलेगी। खामेनेई ने औपचारिक समर्थन तो दिया, पर अंतिम निर्णयों की शक्ति उनके हाथों में ही रही।

**विरासत और भविष्य की अनिश्चितता**

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत ऐसे समय हुई, जब ईरान बाहरी सैन्य दबाव और आंतरिक अस्थिरता का सामना कर रहा है। वे मध्य पूर्व के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले राष्ट्राध्यक्षों में शामिल रहे। उनके शासनकाल ने छह अमेरिकी राष्ट्रपतियों के साथ संबंधों को प्रभावित किया जॉर्ज एच. डब्ल्यू. बुश से लेकर डोनाल्ड ट्रंप तक। उनकी विरासत जटिल है। समर्थकों के लिए वे इस्लामी क्रांति के रक्षक और ईरान की संप्रभुता के प्रतीक थे। आलोचकों के लिए वे एक कठोर शासक थे, जिनकी नीतियों ने देश को अंतरराष्ट्रीय अलगाव और घरेलू दमन की ओर धकेला। अब ईरान के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि उनके बाद नेतृत्व किस दिशा में जाएगा क्या व्यवस्था पहले की तरह कठोर बनी रहेगी या किसी नए संतुलन की तलाश होगी। मौजूदा सैन्य तनाव और राजनीतिक अनिश्चितता के बीच आने वाले दिन ईरान और पूरे मध्य पूर्व की राजनीति के लिए निर्णायक साबित हो सकते हैं।

# नेता बनने से पहले खामेनेई ने की थी कश्मीर की यात्रा

## 1980-81 में भारत का दौरा किया था



एजेंसी | नई दिल्ली

ईरान के सर्वोच्च नेता बनने से कई वर्ष पहले आयतुल्ला अली खामेनेई ने 1980-81 में भारत का दौरा किया था। उस समय वे 41 वर्षीय धर्मगुरु थे और 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद नई स्थापित इस्लामिक रिपब्लिक के प्रतिनिधि के रूप में विदेश संपर्कों को मजबूत करने के प्रयासों में शामिल थे। 1989 में सर्वोच्च नेता बनने से पहले की यह यात्रा भारत और ईरान के बीच ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक रिश्तों की एक दिलचस्प कड़ी मानी जाती है। ईरानी अभिलेखों और बाद के संस्मरणों के अनुसार, खामेनेई सबसे पहले कर्नाटक पहुंचे। उन्होंने बेंगलुरु का दौरा किया और वहां से करीब 75 किलोमीटर दूर अलीपुर कस्बे गए, जहां शिया मुस्लिम आबादी अधिक है और जिसका ईरान से लंबे समय से धार्मिक व शैक्षणिक संबंध रहा है। स्थानीय विवरण बताते हैं कि उन्होंने अलीपुर में ईरानी सहयोग से बने एक अस्पताल का उद्घाटन किया था। उनकी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध तस्वीरों में उन्हें 1981 में बेंगलुरु और अलीपुर में स्वागत करते हुए देखा जा सकता है। आज भी अलीपुर के कई युवा तेहरान और मशहद जैसे शहरों के मदरसों व विश्वविद्यालयों में पढ़ाई करते हैं, जो इस पुराने संबंध की निरंतरता को दर्शाता है। कर्नाटक के बाद खामेनेई ने कश्मीर का भी दौरा किया। संस्मरणों और स्थानीय कथनों के अनुसार, उन्होंने श्रीनगर में एक सुन्नी मस्जिद में जुमे की नमाज में भाग लिया और संबोधन दिया। बताया जाता है कि उस समय घाटी में सांप्रदायिक तनाव का माहौल था। एक कश्मीरी सामाजिक कार्यकर्ता के संस्मरण में उल्लेख है कि खामेनेई ने मीरवाइज मौलवी फारूक की मौजूदगी में लगभग 15 मिनट का भाषण दिया। कहा जाता है कि उनके इस संबोधन के बाद शिया और सुन्नी समुदायों के बीच मस्जिदों में एक-दूसरे के साथ नमाज अदा करने की परंपरा में कुछ नरमी आई और आपसी संवाद बढ़ा। हालांकि इन विवरणों की स्वतंत्र पुष्टि सीमित है, लेकिन स्थानीय स्तर पर इस यात्रा को सांप्रदायिक सद्भाव के संदर्भ में याद किया जाता है। तीन दशक बाद, अगस्त 2012 में जब तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह तेहरान गए, तब खामेनेई ने स्वयं अपनी भारत यात्रा को याद किया। भारतीय विदेश मंत्रालय के अभिलेखों के अनुसार, उन्होंने महात्मा गांधी के स्वतंत्रता आंदोलन की प्रशंसा की और जवाहरलाल नेहरू को गुटनिरपेक्ष आंदोलन का संस्थापक बताया। उन्होंने भारत की धार्मिक विविधता का भी जिक्र किया और कहा कि उन्होंने सिख समुदाय के लोगों से मुलाकात की थी तथा उनके धर्म और परंपराओं के बारे में जाना था। हालांकि खामेनेई के लंबे कार्यकाल में भारत-ईरान संबंधों में कुछ तनावपूर्ण क्षण भी आए। विशेषकर कश्मीर पर उनकी कुछ टिप्पणियों के बाद भारत ने तेहरान के राजनयिकों को तलब कर यह स्पष्ट किया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और इस प्रकार की टिप्पणियां आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप हैं। इसके बावजूद दोनों देशों के संबंध पूरी तरह पटरी से नहीं उतरे। ऊर्जा सहयोग, चाबहार बंदरगाह परियोजना और ऐतिहासिक सभ्यतागत रिश्तों ने द्विपक्षीय संबंधों को संतुलित बनाए रखा। खामेनेई की भारत यात्रा इस बात का संकेत थी कि इस्लामी गणराज्य के शुरुआती वर्षों में तेहरान दक्षिण एशिया के साथ धार्मिक और कूटनीतिक संपर्क मजबूत करना चाहता था। बाद में वे ईरान की राजनीति के केंद्र में आ गए और तीन दशकों से अधिक समय तक देश की दिशा तय की, लेकिन भारत के साथ उनका यह प्रारंभिक संपर्क उनके व्यक्तित्व और कूटनीतिक दृष्टिकोण का एक अलग पहलू उजागर करता है।

# खामेनेई की मौत के बाद संपत्ति और उत्तराधिकार पर बढ़ी चर्चा

## उत्तराधिकारियों के नाम आए सामने

एजेंसी | नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बयानों के बाद ईरानी मीडिया ने भी पुष्टि की है कि ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत हो गईहै। इस खबर के सामने आते ही पूरे ईरान में शोक का माहौल बताया जा रहा है। इसी बीच अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर हमलों की खबरें भी जारी हैं, जिससे क्षेत्रीय तनाव और बढ़ गया है। खामेनेई की मृत्यु के साथ ही उनकी संपत्ति और उत्तराधिकारी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। रिपोर्टों के अनुसार उनकी व्यक्तिगत संपत्ति सार्वजनिक रूप से सत्यापित नहीं है, लेकिन माना जाता है कि वे "सेताद" नामक संगठन के जरिए 95 अरब डॉलर से 200 अरब डॉलर के बीच के विशाल वित्तीय साम्राज्य का प्रबंधन करते थे। यह संगठन जब्त की गई संपत्तियों, निवेश और राज्य से जुड़ी परिसंपत्तियों पर आधारित बताया जाता है। ग्रैंड अयातुल्ला सैय्यद अली हुसैनी खामेनेई 1989 से ईरान के सुप्रीम लीडर रहे और तीन दशक से अधिक समय तक उन्होंने इस्लामिक रिपब्लिक पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखा। उनके कार्यकाल में ईरान-इराक युद्ध के बाद का दौर, परमाणु कार्यक्रम का विस्तार, प्रॉक्सी युद्ध और घरेलू अस्थिरता जैसे कई महत्वपूर्ण घटनाक्रम शामिल रहे। उत्तराधिकार को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन अमेरिकी थिंक टैंक विदेश संबंध परिषद ने संभावित दावेदारों के नामों का उल्लेख किया है। इनमें अयातुल्ला अलीरेजा अराफी, मोहसेन कोमी, मोहसेन अराकी, गुलाम हुसैन मोहसेनी और हशेम हुसैनी बुशहरी के नाम प्रमुख रूप से सामने आए हैं। संपत्ति की तुलना करें तो फोर्ब्स के अनुसार 2025 में ट्रंप की संपत्ति 7.3 अरब डॉलर आंकी गई थी, जबकि नेतन्याहू की अनुमानित संपत्ति लगभग 13 मिलियन डॉलर बताई जाती है।

## Good DAY



समर न्यूज़ | लुधियानाः आपका आज का दिन शांति, ऊर्जा और सकारात्मक सोच से भरा हो यही कामना है। नई सुबह नई उम्मीदें लेकर आती है और हर दिन हमें खुद को बेहतर बनाने का एक और अवसर देती है। बीते कल की चिंताओं को पीछे छोड़कर आज को पूरे विश्वास और मुस्कान के साथ अपनाइए।

**मलिका खुल्लर**
**फैशन डिजाइनर**

पेज 3 एंकर स्टोरी

## शाह मोहम्मद रज़ा पहलवी की पहल से पाकिस्तानी सेना को सैन्य सहायता, अमेरिका ने भी सक्रिय भूमिका निभाई

# 1965-1971 की लड़ाई में अमेरिका और ईरान ने दिया था पाक का साथ

एजेंसी | चंडीगढ़



ईरान हाल ही में अमेरिका और इज़राइल द्वारा किए गए हवाई हमलों और मिसाइल स्ट्राइक के कारण सुर्खियों में है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान में शासन परिवर्तन और शिया धर्मगुरुओं को सत्ता से हटाने की इच्छा व्यक्त की। लेकिन इसके ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में ईरान की विदेश नीति की एक और महत्वपूर्ण घटना है। 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों के दौरान ईरान और अमेरिका का पाकिस्तान का समर्थन।

ईरान के पहले शासक, शाह मोहम्मद रज़ा पहलवी, जो 1941 से 1979 तक शासन में रहे, स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के पक्षधर थे। उनके कार्यकाल में ईरान ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता प्रदान की, जो भारत के साथ युद्ध में कई बार पीछे था। अमेरिका की प्रशासनिक नीतियों के तहत ईरान ने पाकिस्तान को हथियार और अन्य सैन्य सामग्री मुहैया कराई। अमेरिकी विदेश विभाग के 1970 के दशक के गोपनीय अभिलेखों में इसका विस्तृत विवरण मिलता है। 1965 के भारत-पाक युद्ध के बाद ईरान ने पाकिस्तान के लिए हथियार खरीदने का एजेंट बनने की भूमिका निभाई। पाकिस्तान पश्चिमी देशों से उपकरण प्राप्त करने में कठिनाई महसूस कर रहा था। ईरान ने लगभग 90 एफ-86 जेट फाइटर, एयर-टू-एयर मिसाइलें, तोपखाने, गोला-बारूद और स्पेयर पार्ट्स पश्चिमी जर्मनी से खरीदे और उन्हें पाकिस्तान भेजा। अधिकांश उपकरण सीधे कराची पहुंचाए गए, जबकि जेट विमान ईरान के माध्यम से पाकिस्तान में प्रवेश किए।

वसंत 1971 में, ईरान ने पाकिस्तान को लगभग दर्जन भर हेलीकॉप्टर और अन्य सैन्य उपकरण प्रदान किए ताकि पाकिस्तान के पश्चिमी हिस्से की सेना पूर्वी पाकिस्तान में युद्ध के दौरान भेजी गई समान सामग्री की कमी को पूरा कर सके। अतिरिक्त आपूर्ति में तोपखाना, गोला-बारूद और स्पेयर पार्ट्स भी शामिल थे। जब भारतीय सेना ने पूर्वी पाकिस्तान में कदम रखा, तब ईरान ने तत्काल सहायता उपलब्ध कराई। 1972 के मई में जारी एक अमेरिकी दस्तावेज में उल्लेख है कि 1971 के युद्ध के बाद भी यह संभावना है कि यदि पाकिस्तान पश्चिमी सैन्य उपकरण और स्पेयर पार्ट्स प्राप्त नहीं कर सका, तो ईरान फिर से मध्यस्थ का काम कर सकता है। 1971 के युद्ध के दौरान अमेरिकी प्रशासन ने विशेष रूप से जोर दिया कि ईरान पाकिस्तान की सहायता करे, क्योंकि युद्ध में पाकिस्तान संकट में था और ईंधन व हथियारों की आपूर्ति खतरे में थी। अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हेनरी किसिंजर के बीच बातचीत में स्पष्ट रूप से इसका उल्लेख मिलता है। 4 दिसंबर को निक्सन ने किसिंजर से पूछा क्या हम मदद कर सकते हैं। किसिंजर ने उत्तर दिया कि यदि हम ईरान को आश्वासन दें कि बाद में हम उनकी क्षतिपूर्ति करेंगे, तो ईरान मदद कर सकता है।

अमेरिकी अधिकारियों ने इसके लिए ईरान में शाह से मुलाकात की और पाकिस्तान के लिए हथियार और ईंधन आपूर्ति करने की संभावना पर चर्चा की। शाह ने मदद देने की सहमति व्यक्त की, लेकिन शर्त रखी कि अमेरिका तुरंत ईरान की क्षतिपूर्ति करेगा। इस बातचीत ने यह स्पष्ट किया कि अमेरिका और ईरान का पाकिस्तान के साथ गुप्त सहयोग कैसे हुआ। अमेरिकी अभिलेख बताते हैं कि दिसंबर 1971 में जब भारतीय सेना ने कराची बंदरगाह पर हमला किया, तब पाकिस्तान के ईंधन भंडार गंभीर संकट में थे। अमेरिकी अधिकारी इस बात को लेकर चिंतित थे कि पश्चिमी पाकिस्तान जल्द ही ठप हो जाएगा। इस बैठक में यह भी चर्चा हुई कि पाकिस्तान को ईरान से फाइटर एयरक्राफ्ट भेजे जाएं और चीन से भारत की सीमा पर दबाव बनाने की रणनीति अपनाई जाए। केंद्रीय खुफिया एजेंसी के निदेशक रिचर्ड हेल्म्स ने इस दौरान कराची से रिपोर्ट साझा की कि भारतीय सेना ने तेल टैंकों पर हमला किया। हालांकि, शाह ने स्पष्ट किया कि भारत और सोवियत संघ के बीच मित्रता संधि के कारण वे विमान और पायलट पाकिस्तान भेजने का जोखिम नहीं उठा सकते। उनका कहना था कि ईरान सीधे सैन्य हस्तक्षेप नहीं करेगा, लेकिन अप्रत्यक्ष सहायता देने में सक्षम है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक इन दस्तावेजों से यह भी पता चलता है कि अमेरिका और ईरान के बीच मित्रता और सहयोग का स्तर कितना गहरा था। विशेष रूप से 1971 के युद्ध में, अमेरिकी प्रशासन ने ईरान को पाकिस्तान की मदद करने के लिए प्रेरित किया ताकि भारत के प्रभाव को सीमित किया जा सके और पश्चिमी पाकिस्तान को सुरक्षित रखा जा सके। इस ऐतिहासिक घटनाक्रम ने यह भी दिखाया कि मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया की जटिल राजनीतिक रणनीतियों में अमेरिका और ईरान किस प्रकार सामरिक और कूटनीतिक संतुलन बनाकर पाकिस्तान का समर्थन करते रहे। 1965 और 1971 के युद्धों में ईरान की भूमिका केवल सैन्य मदद तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह अमेरिका की दिशा-निर्देशित रणनीति का एक अहम हिस्सा थी, जिसने दक्षिण एशियाई भू-राजनीति पर गहरा असर डाला। आज जब ईरान और अमेरिका की स्थिति मध्य पूर्व में तनावपूर्ण है, तब इन ऐतिहासिक दस्तावेजों को देखना यह समझने में मदद करता है कि किस प्रकार दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग ने दक्षिण एशिया की घटनाओं को प्रभावित किया। 1965 और 1971 के युद्धों में ईरान और अमेरिका के सहयोग ने पाकिस्तान को मुश्किल समय में संभाला और भारतीय सेना के बढ़ते प्रभाव के सामने उसे सामरिक रूप से सहारा दिया।

यह घटनाक्रम मध्य पूर्व की राजनीति और भारत-पाक-ईरान-यूएस संबंधों के इतिहास को समझने के लिए महत्वपूर्ण सबक प्रस्तुत करता है, जो आज भी रणनीतिक और भू-राजनीतिक विश्लेषण के केंद्र में है।

# नायब सिंह सैनी ने पेश किया 2.23 लाख करोड़ रूपये का बजट; 4 अस्पताल खुलेंगे, 21 नए स्टेडियम बनेंगे

समर न्यूज | चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को विधानसभा में बतौर वित्त मंत्री 2,23,658.17 करोड़ रुपये का बजट पेश किया, जो पिछले बजट से 10.28 प्रतिशत अधिक है। अपने बजट भाषण की शुरुआत उन्होंने गुरु नानक देव जी के सिद्धांत किरत कर, नाम जप, वंड छक से की। केसरिया पगड़ी में नजर आए मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास, किसान कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के रोजगार और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रदेश में एग्री डिस्कॉम नाम से नया बिजली निगम बनाया जाएगा, जिसके माध्यम से किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे। नए जिले हांसी को मॉडर्न जिले के रूप में विकसित किया जाएगा। किसानों के हित में 7 नए पशु औषधालय और 4 नए राजकीय पशु अस्पताल खोले जाएंगे। हिसार में 30 करोड़ रुपये की लागत से हरियाणा पशु चिकित्सा महामारी विज्ञान केंद्र स्थापित होगा। देसी कपास की खेती पर प्रोत्साहन राशि 3,000 से बढ़ाकर 4,000 प्रति एकड़ की गई है।

परिवहन क्षेत्र में बड़ा फैसला लेते हुए हरियाणा रोडवेज द्वारा 50 नई इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी। ये बसें गुरुग्राम और चंडीगढ़ से कटरा, सालासर, खाटू श्याम, हरिद्वार और अमृतसर जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों तक चलेंगी। विद्यार्थियों के लिए 1,000 नई बसें खरीदी जाएंगी तथा महिला यात्रियों के लिए समर्पित बसों की संख्या 273 से बढ़ाकर 500 की जाएगी। 15 अगस्त 2026 तक बसों की लाइव लोकेशन बताने वाला मोबाइल ऐप भी शुरू होगा। महिला सशक्तिकरण के तहत अपने



बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री हुए नायब सैनी। - समर न्यूज

नाम पर वाहन खरीदने वाली महिलाओं को 1 प्रतिशत टैक्स छूट मिलेगी। इलेक्ट्रिक वाहनों पर पहले से मिल रही 20 प्रतिशत टैक्स छूट को और बढ़ाने की बात कही गई है। राज्य में एंटी टेररिस्ट स्क्वायड के गठन के लिए 35 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसमें महिला कमांडो भी शामिल होंगी। लोहारू, बरवाला, नरवाना, समालखा, महम, रादौर और पिहोवा में नए महिला थाने खोले जाएंगे, जबकि सोनीपत, गोहाना और बहादुरगढ़ में साइबर क्राइम थाने स्थापित होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का दायरा बढ़ाते हुए 25 सितंबर 2026 से पात्रता आय सीमा 1.80 लाख रुपये वार्षिक कर दी जाएगी।


इस योजना के लिए 6,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। 2,000 नए बीटा बूथ खोले जाएंगे, जिनमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। खेल और युवा विकास के क्षेत्र में राज्य के हर जिले में एक सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक और खेलो इंडिया केंद्र स्थापित किया जाएगा। कैथल, झज्जर, चरखी दादरी, गुरुग्राम, कुरुक्षेत्र, जींद, रोहतक, फरीदाबाद, यमुनानगर, सोनीपत, फतेहाबाद और पलवल में 21 नए स्टेडियम बनाए जाएंगे। फिट हरियाणा अभियान की शुरुआत 30 सितंबर 2026 तक की जाएगी। राजीव गांधी खेल परिसर, दौलताबाद को अपग्रेड कर अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं से युक्त पैरा खेल स्टेडियम बनाया जाएगा।

युवाओं को विदेशी रोजगार के लिए तैयार करने हेतु हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से विदेशी भाषा प्रशिक्षण योजना लागू की जाएगी। वैध रूट से विदेश गए युवाओं की आकस्मिक मृत्यु पर परिवारों की सहायता के लिए विशेष कल्याण कोष बनाया जाएगा। आंगनवाड़ी सेवाओं को मजबूत करते हुए 1,000 केंद्रों को सक्षम आंगनवाड़ी में अपग्रेड किया जाएगा तथा 1,000 केंद्रों को प्ले-स्कूल में बदला जाएगा। 5,800 आंगनवाड़ी केंद्रों के अपने भवन बनाए जाएंगे। सड़क और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 5,000 किलोमीटर सड़कों का सुधार होगा। गुरुग्राम में संकरी कॉलोनियों की सड़कों को 24 मीटर चौड़ा किया जाएगा।

## करनाल में संदिग्ध हालात में युवक की हुई मौत

### सिर पर चोट के निशान मिले

समर न्यूज | करनाल



जिले के कर्ण विहार क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। युवक अपनी बाइक के पास अचेत अवस्था में पड़ा मिला, जिसके बाद राहगीरों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया और उसके परिजनों को सूचना दी। जानकारी के अनुसार युवक की पहचान शीतल के रूप में हुई है। जब लोग मौके से गुजर रहे थे तो उन्होंने युवक को सड़क किनारे बाइक के पास बेहोशी की हालत में पड़ा देखा। इसके बाद आसपास के लोगों ने मानवता दिखाते हुए उसे अस्पताल पहुंचाया और परिजनों को सूचना दी। परिजन युवक को बेहतर इलाज के लिए चंडीगढ़ पीजीआई ले जाने के लिए रवाना हुए, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस घटना से परिवार में शोक का माहौल है। डॉक्टरों के अनुसार युवक के सिर के पीछे चोट के निशान पाए गए हैं, जबकि उसकी बाइक पूरी तरह सुरक्षित और सही हालत में मिली है। इस कारण परिजनों ने युवक की मौत को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आसपास के हालात व तथ्यों को खंगाला जा रहा है।

## फैक्ट्री मालिक के बेटे का अपहरण का प्रयास, बदमाशों ने किया पीछा

समर न्यूज | पानीपत

शहर के सेक्टर-29 पार्ट-2 स्थित एक टेक्सटाइल मशीनरी फैक्ट्री से जुड़ा अपहरण के प्रयास का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ बदमाशों ने फैक्ट्री मालिक के बेटे की कार का पीछा किया और फैक्ट्री के बाहर हंगामा करते हुए सुरक्षा गार्ड के साथ बदसलूकी की। घटना के बाद पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सेक्टर-18 निवासी आकांशु ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी फैक्ट्री से किसी काम के सिलसिले में कार लेकर बाहर निकले थे। जैसे ही वह फैक्ट्री गेट के पास पहुंचे, वहां पहले से मौजूद कृष्ण नामक व्यक्ति अपने बेटे और करीब 10-15 अन्य लोगों के साथ कई गाड़ियों में खड़ा था।

पीड़ित के अनुसार उसे देखते ही कृष्ण ने अपने साथियों से कहा कि



यह मुकेश का बेटा है और इसका पीछा करो। इसके बाद दो से तीन गाड़ियों में सवार युवकों ने आकांशु की कार का पीछा करना शुरू कर दिया। हालांकि आकांशु किसी तरह उनसे बचते हुए वहां से निकलने में सफल रहे।

इस बीच फैक्ट्री के अकाउंटेंट विशाल ने आकांशु को फोन कर बताया कि कुछ लोग फैक्ट्री गेट पर हंगामा कर रहे हैं।

आरोप है कि आरोपियों ने वहां तैनात सुरक्षा गार्ड निशांत मलिक के साथ बदतमीजी की और धमकी दी कि मुकेश और उसके बेटे ने काफी पैसा कमा लिया है।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर नामजद आरोपियों सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

## करंट लगने से डीटीसी चालक की मौत, परिवार में पसरा मातम

समर न्यूज | झज्जर

जिले के गांव बाबरा में करंट लगने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की पहचान गांव बाबरा निवासी शिवकुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शिवकुमार दिल्ली क्लस्टर डीटीसी में चालक के पद पर कार्यरत था। बताया जा रहा है कि उसके घर के सामने से गुजर रही बिजली की लाइन में एक डोरी उलझ गई थी। उसे हटाने के लिए वह झाड़ू के सहारे डोरी निकालने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक बिजली के करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## थार सवार युवकों ने छात्र पर किया हमला

समर न्यूज | गुरुग्राम

शहर के न्यू कॉलोनी मोड़ पर एक 11वीं कक्षा के छात्र पर थार सवार युवकों द्वारा हमला करने की कोशिश का मामला सामने आया है। आरोप है कि कई युवक डंडे और हॉकी स्टिक लेकर छात्र के पीछे दौड़े। छात्र ने पास की एक दुकान में घुसकर किसी तरह अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी वहां से फरार हो चुके थे।

मामले को लेकर छात्र के पिता ने शहर थाना में लिखित शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपियों में एक युवक किसी पुलिसकर्मी का बेटा भी शामिल है। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



जानकारी के अनुसार सेक्टर-9 निवासी छात्र अपनी कार में एसेसरीज लगवाने के लिए रेलवे रोड स्थित एक दुकान पर गया था। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की थार और अन्य गाड़ियों में सवार करीब 10 से 12 युवक वहां पहुंचे और छात्र को घेरने की कोशिश की। उनके हाथों में डंडे और हॉकी स्टिक थीं। खतरा भांपते हुए छात्र तुरंत पास की दुकान में छिप गया और अपने पिता व पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आरोपित युवकों की पहचान कर उन्हें थाने बुलाया। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक बिना नंबर प्लेट की थार लेकर थाने पहुंचे, जिस पर काले रंग की लेमिनेशन भी लगी हुई थी। पीड़ित परिवार का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच पहले से विवाद चल रहा है। पिछले वर्ष भी आरोपियों ने उनके घर पर पथराव कर गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए थे, जिस संबंध में मामला अदालत में विचाराधीन है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मदनलाल के अनुसार शिकायत के आधार पर दो नामजद समेत आठ-दस लोगों के खिलाफ हमला करने की कोशिश के आरोप में केस दर्ज किया गया है और मामले की जांच जारी है।

## युवक की संदिग्ध हालात में हत्या रेलवे ट्रैक के पास मिला शव

समर न्यूज | यमुनानगर

शहर की शंकरपुरी कॉलोनी के 21 वर्षीय युवक राजीव का शव तीर्थनगर क्षेत्र में रेलवे लाइन के पास सफेदे के पेड़ों के बीच संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। युवक के मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था और गले पर दबाने के निशान पाए गए, जिससे प्रारंभिक तौर पर गला दबाकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार राजीव 27 फरवरी से लापता था। उसकी गुमशुदगी की शिकायत सेक्टर-17 थाना में दर्ज कराई गई थी। जब स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक के पास एक युवक का शव पड़ा देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और सीन ऑफ क्राइम टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। शव के पास से कुछ दूरी पर युवक का एक जूता भी बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक मृतक के मुंह में ठूंसे गए कपड़े पर किसी चिपचिपे पदार्थ, संभवतः फेविकोल जैसा पदार्थ, लगाया गया था जिससे कपड़ा चिपक गया था। मृतक की पहचान फोटो के आधार पर परिजनों ने राजीव के रूप में की। उसके बाजू पर राजीव और छाती पर स्नेहा नाम का टैटू भी बना हुआ है। परिजनों का आरोप है कि राजीव का पिछले दो वर्षों से एक युवती के साथ प्रेम संबंध था। उन्होंने आशंका जताई है कि उसी युवती के कहने पर उसकी हत्या कराई गई हो सकती है। बताया जा रहा है कि युवती के पहले से किसी अन्य युवक से संबंध थे, जिस कारण राजीव मानसिक रूप से परेशान रहता था और उस पर शादी का दबाव भी बना रहा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा दिया है और रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## नशे की हालत में युवक ने गैस सिलेंडर खोलकर खुद को लगाई आग

समर न्यूज | रोहतक

रोहतक शहर के भिवानी चुंगी क्षेत्र में 26 वर्षीय युवक ने कथित तौर पर नशे की हालत में खुद को आग लगा ली, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, युवक अपने घर पर अकेला था। इसी दौरान उसने रसोई में रखा गैस सिलेंडर खोल दिया और उसमें आग लगा दी। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं और युवक इसकी चपेट में आ गया। आग लगने से वह बुरी तरह झुलस गया। आग लगने की जानकारी मिलते ही परिजन और आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाने का प्रयास किया और घायल युवक को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। युवक की हालत गंभीर होने के कारण उसे रोहतक स्थित पीजीआईएमएस के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया।

## युवक ने की आत्महत्या, पत्नी समेत एजेंट पर केस हुआ दर्ज

समर न्यूज | कैथल

जिले के बाबा लदाना गांव में 30 वर्षीय युवक मनीष ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पुलिस ने मृतक के परिवार की शिकायत पर पत्नी, ससुराल पक्ष और एक एजेंट के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक के भाई बलविंदर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब दो वर्ष पहले मनीष की शादी जींद जिले के पीपलथा गांव निवासी तमन्ना से हुई थी। शादी के समय ससुराल पक्ष ने शर्त रखी थी कि विवाह के बाद दोनों को ऑस्ट्रेलिया भेजा जाएगा। इसके बाद परिवार ने वीजा प्रक्रिया शुरू करवाई। तमन्ना का वीजा मंजूर हो गया, जबकि मनीष का वीजा स्वीकृत नहीं हो सका। शादी के करीब दो महीने बाद तमन्ना ऑस्ट्रेलिया चली गई, जबकि मनीष भारत में ही रह गया। परिजनों के



अनुसार, मनीष ने अपना वीजा लगवाने के लिए एजेंट को करीब 60 से 70 लाख रुपये भी दिए थे, लेकिन एजेंट हर बार किसी न किसी कारण से प्रक्रिया टालता रहा। इस बीच शुरू में तमन्ना उससे बातचीत करती रही, लेकिन कुछ समय बाद उसने संपर्क करना भी बंद कर दिया। आरोप है कि हाल ही में तमन्ना ने मनीष से कहा कि वह दूसरी शादी कर ले और वह ऑस्ट्रेलिया में अकेले ही रहेगी। बलविंदर सिंह ने आरोप लगाया कि जब मनीष ने इस बारे में ससुराल पक्ष से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने उसे धमकाया और दूसरी शादी करने के लिए कह दिया। इस पूरे घटनाक्रम से मनीष मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगा था।

## भाजपा सरकार भेदभाव और क्षेत्रवाद की राजनीति कर रही: चौटाला

समर न्यूज | गुरुग्राम

जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने हरियाणा की भाजपा सरकार पर भेदभाव और क्षेत्रवाद की राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के कार्यों में संतुलन की कमी है और विकास योजनाओं में कई क्षेत्रों की अनदेखी की जा रही है। गुरुग्राम के गांव बसई में आयोजित युवा योद्धा सम्मेलन को संबोधित करते हुए दिग्विजय चौटाला ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष में प्रदेश में विकास कार्यों की गति धीमी रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर सड़कों की मरम्मत नहीं करवाई गई और ग्रामीण क्षेत्रों में नई लाइब्रेरी व सामुदायिक केंद्र जैसी सुविधाओं का भी विस्तार नहीं हुआ। उन्होंने किसानों के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। चौटाला ने कहा कि भारी बारिश और जलभराव से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने में देरी की गई।

## चोरी के आरोप में 12 वर्षीय बच्चे की पिटाई, सिर मुंडवाकर घुमाने का आरोप

समर न्यूज | करनाल

शहर के मॉडल टाउन क्षेत्र में एक 12 वर्षीय बच्चे के साथ कथित रूप से अमानवीय व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक दुकानदार ने बच्चे पर चोरी का शक जताते हुए पहले उसकी पिटाई की, फिर उसका सिर मुंडवा दिया और उसे आसपास के इलाके में घुमाया। घटना की जानकारी मिलने के बाद बच्चे की मां मौके पर पहुंची और उसे छुड़ाया। पीड़ित महिला के अनुसार, वह मॉडल टाउन स्थित एक दुकान पर काम करती है। तबीयत खराब होने के कारण वह काम पर नहीं जा सकी। इसी दौरान दुकानदार उनके 12 वर्षीय बेटे को काम कराने के लिए अपने साथ ले जाने लगा। महिला ने बेटे को भेजने से मना किया, लेकिन आरोप है कि दुकानदार उसे जबरन अपने साथ ले गया। महिला का कहना है कि दुकान पर ले जाने के बाद बच्चे के साथ मारपीट की गई और उसे बाथरूम में बंद कर दिया गया। जब उन्हें घटना की जानकारी मिली तो वह तुरंत दुकान पर पहुंचीं। काफी देर तक गुहार लगाने के बाद दुकानदार ने बच्चे को बाहर निकाला। महिला ने आरोप लगाया कि दुकान पर मौजूद अन्य लोगों ने भी बच्चे के साथ मारपीट की और उसका सिर मुंडवा दिया। दूसरी ओर दुकानदार का कहना है कि बच्चे ने दुकान से चोरी की थी। पकड़े जाने पर वह गाली-गलौज करने लगा और दुकान में हंगामा किया, जिसके चलते गुस्से में उसे पीट दिया गया और उसका सिर मुंडवा दिया गया। महिला ने मामले की शिकायत सेक्टर-13 पुलिस चौकी में दी, जहां से उन्हें बताया गया कि घटना मॉडल टाउन चौकी क्षेत्र की है। हालांकि मॉडल टाउन चौकी में इस मामले को लेकर कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं हुई थी।

**योजना** | पोर्टल और मोबाइल ऐप से दर्ज होगी जानकारी, एसएमएस से मिलेगी यूनिक आईडी

## फतेहाबाद में पहली बार पूरी तरह डिजिटल होगी जनगणना

समर न्यूज | फतेहाबाद

जिले के लोग अब खुद अपने स्तर पर भी जनगणना का हिस्सा बन सकेंगे। सबसे पहले मकानों की गिनती की जाएगी और उसके बाद जनसंख्या की गणना होगी। मकानों की जानकारी नागरिक स्वयं सांख्यिकी विभाग की वेबसाइट पर जाकर दे सकेंगे। 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्व-गणना का विकल्प भी उपलब्ध रहेगा। यह जानकारी फतेहाबाद के डीसी एवं प्रधान जनगणना अधिकारी डॉ. विवेक भारती ने दी।

उन्होंने बताया कि जिले में पहली बार पूरी तरह डिजिटल प्रणाली के माध्यम से जनगणना-2027 का कार्य किया जाएगा। जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। पहले चरण में 1 मई से 30 मई तक मकानों की गणना होगी, जबकि दूसरे चरण में 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक जनसंख्या की गणना की जाएगी।





डीसी डॉ. विवेक भारती जानकारी देते हुए। - समर न्यूज

▪ **ऐसे कर सकेंगे स्वयं जानकारी दर्ज** - डीसी ने बताया कि इस बार नागरिकों को स्व-गणना का विकल्प दिया जा रहा है। नागरिक ऑनलाइन पोर्टल या मोबाइल एप के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। जानकारी सबमिट करने के बाद उन्हें एसएमएस और ई-मेल के जरिए एक विशिष्ट स्व-गणना आईडी प्राप्त होगी। इसके बाद गणनाकर्मी मौके पर पहुंचकर जानकारी का सत्यापन करेंगे, जिससे समय की बचत होगी और आंकड़ों की गुणवत्ता में सुधार आएगा।

### तीन हजार से अधिक कर्मचारी संभालेंगे जिम्मेदारी

डीसी ने बताया कि तीन हजार से अधिक कर्मचारी इस अभियान में शामिल होंगे। एसडीएम, तहसीलदार, नगर परिषद, नगरपालिकाओं और अन्य विभागीय अधिकारियों की भूमिका अहम रहेगी। प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति, प्रशिक्षण, जिले का शत-प्रतिशत कवरेज और निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करना उनकी जिम्मेदारी होगी। इस दौरान सीटीएम गौरव गुप्ता, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, जिला जनगणना समन्वयक मेघा, सांख्यिकी अधिकारी प्रवीण, एक्सईएन देवेंद्र सिंह, एक्सईएन अशोक कुमार, एआईपीआरओ डॉ. विनय बैनीवाल और नरेंद्र सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### डिजिटल तकनीक से होगी निगरानी

गणनाकर्मी विशेष हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन मोबाइल एप का उपयोग करेंगे, जिसे उनके पंजीकृत निजी मोबाइल पर इंस्टॉल किया जाएगा। यह एप ऑफलाइन मोड में भी कार्य करेगा, जिससे नेटवर्क न होने की स्थिति में भी काम प्रभावित नहीं होगा। नेटवर्क उपलब्ध होते ही डाटा स्वतः सिंक्रोनाइज हो जाएगा। रियल-टाइम मॉनिटरिंग, तकनीक आधारित डैशबोर्ड और सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से हर स्तर पर प्रगति की निगरानी की जाएगी। सभी चार्ज अधिकारियों को आईडी जारी की जा चुकी है तथा 32 फील्ड ट्रेनर्स और सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं।

## नक्सल ऑपरेशन में घायल होने के बाद भी डटे रहे अजय मलिक

समर न्यूज | रोहतक

हरियाणा के रोहतक जिले के गांव मोखरा के रहने वाले और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में कमांडेंट अजय मलिक ने पश्चिम बंगाल के जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ अभियान के दौरान अदम्य साहस का परिचय दिया। अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में घायल होने के बावजूद उन्होंने जवानों का नेतृत्व करते हुए मोर्चा संभाले रखा। फिलहाल उनका उपचार दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में चल रहा है। सूत्रों के अनुसार सीआरपीएफ को सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल के सिंहभूम जिले के सारंडा क्षेत्र के मरांग पोंगा जंगल में नक्सली सक्रिय हैं। इसके बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में सर्च अभियान शुरू किया। तड़के करीब पांच बजे सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ के दौरान टीम का नेतृत्व कर रहे सहायक कमांडेंट अजय मलिक आईईडी विस्फोट की





चपेट में आकर घायल हो गए। विस्फोट काफी शक्तिशाली था, लेकिन घायल होने के बावजूद उन्होंने संयम बनाए रखा और जवानों को सुरक्षित तरीके से मोर्चा संभालने के निर्देश दिए। इसी दौरान सुबह करीब दस बजे हुई दूसरी मुठभेड़ में कांस्टेबल विक्रम यादव भी गोली लगने से घायल हो गए।दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर इलाज के लिए दिल्ली के एम्स भेजा गया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। अजय मलिक इससे पहले भी कई अभियानों में अपनी बहादुरी का परिचय दे चुके हैं। कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान साहसिक कार्य के लिए उन्हें राष्ट्रपति वीरता पदक से सम्मानित किया गया था।

## भिवानी में ईरान पर हमले के विरोध में हुआ प्रदर्शन

समर न्यूज | भिवानी

ईरान पर अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए हमले के विरोध में सोमवार को भिवानी जिले के तोशाम कस्बे में कम्युनिस्ट कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। सुरेंद्र चौक पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने अमेरिका और इजरायल की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रोष व्यक्त किया। प्रदर्शन का आयोजन एसयूसीआई कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से किया गया, जिसका नेतृत्व पार्टी के जिला सचिव रोहतास सिंह सैनी ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति और इजरायली नेतृत्व के खिलाफ पुतला दहन भी किया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रहे इस सैन्य हमले की कड़ी आलोचना की। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ईरान पर किया गया हमला साम्राज्यवादी नीतियों का परिणाम है।

# राजस्व घाटा अनुदान बंद होने से हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा गहरा असरः मुख्यमंत्री सुक्खू

## केंद्रीय वित्त मंत्री से मुलाकात कर विशेष वित्तीय पैकेज और पर्वतीय राज्यों के लिए अलग मूल्यांकन की मांग रखी

समर न्यूज़ | कुल्लू/नई दिल्ली



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात करते हुए सीएम सुक्खू। - समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर राज्य की वित्तीय स्थिति से जुड़े अहम मुद्दे उठाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यदि राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) बंद किया जाता है तो इसका हिमाचल की अर्थव्यवस्था पर गंभीर और नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की आरडीजी पर निर्भरता 12.7 प्रतिशत है, जो नागालैंड के बाद देश में दूसरी सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि जिन 16 राज्यों की आरडीजी बंद की गई है, उनमें अधिकांश की इस अनुदान पर निर्भरता 2 प्रतिशत से भी कम थी। ऐसे में हिमाचल की तुलना उन राज्यों से करना न्यायोचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि पर्वतीय और भौगोलिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण राज्य होने के कारण हिमाचल की आर्थिक संरचना अलग है और वह आरडीजी के झटके को सहन नहीं कर पाएगा।

मुख्यमंत्री ने संविधान के अनुच्छेद 275(1) का उल्लेख करते हुए कहा कि इन अनुदानों का उद्देश्य राज्यों के राजस्व और व्यय के बीच के अंतर को पाटना है।

उन्होंने यह भी कहा कि यह पहली बार है जब वित्त आयोग ने छोटे पर्वतीय राज्यों की विशेष विकास आवश्यकताओं को पूरी तरह नजरअंदाज किया है।

मुख्यमंत्री ने वित्त मंत्री को अवगत कराया कि पिछले दो से तीन वर्षों में राज्य सरकार ने खर्चों में कटौती के लिए कई कदम उठाए हैं और कोई भी ऑफ-बजट उधारी नहीं ली गई। विभिन्न उपकरों के माध्यम से लगभग 600 करोड़ रुपये वार्षिक अतिरिक्त संसाधन जुटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जीएसटी लागू होने से राज्य को राजस्व हानि हुई है। इसके बावजूद जहां संभव हुआ, कर दरों में वृद्धि और सब्सिडी के पुनर्गठन जैसे कदम उठाए गए, लेकिन राजस्व घाटे की भरपाई पूरी तरह संभव नहीं हो सकी।

मुख्यमंत्री ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विशेष केंद्रीय सहायता के तहत एक वित्तीय पैकेज देने और पर्वतीय राज्यों की अर्थव्यवस्था का समुचित आकलन करने हेतु एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का आग्रह किया।

इस पर केंद्रीय वित्त मंत्री ने राज्य की मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

उल्लेखनीय है कि 16वें वित्त आयोग ने हिमाचल सहित 17 राज्यों के लिए आरडीजी समाप्त करने की सिफारिश की है। अनुमान है कि इससे हिमाचल को आगामी पांच वर्षों में 40 से 50 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। पहले ही राज्य की उधारी सीमा घटाकर सकल घरेलू उत्पाद के 3 प्रतिशत तक कर दी गई है और जून 2022 से जीएसटी क्षतिपूर्ति भी बंद हो चुकी है, जिससे वित्तीय दबाव और बढ़ गया है।

# सीआईए के संयुक्त अभियान में सिर्फ 600 ग्राम चरस बरामद

संजीव | नूरपुर
समर न्यूज़

नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस जिला नूरपुर की टीम को एक अहम सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर सीआईए स्टाफ ने संयुक्त अभियान चलाकर 600 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशा तस्करों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, 1 मार्च 2026 को पुलिस को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई थी कि तहसील ज्वाली के अंतर्गत गांव तखनार में एक व्यक्ति द्वारा मादक पदार्थ की अवैध गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर एक आवासीय परिसर में विधिवत तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान संदिग्ध व्यक्ति के कब्जे से 600 ग्राम चरस बरामद हुई, जिसे तुरंत कब्जे में लेकर जब्त कर लिया गया।पुलिस ने आरोपी दविंदर कुमार (43 वर्ष), निवासी गांव तखनार, तहसील ज्वाली, जिला कांगड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि बरामद मादक पदार्थ कहां से लाया गया था और इसकी सप्लाई किन-किन क्षेत्रों में की जानी थी। इस नेटवर्क से जुड़े अन्य संभावित आरोपियों की पहचान के लिए जांच तेज कर दी गई है।पुलिस अधीक्षक नूरपुर ने कहा कि जिला पुलिस नशा तस्करी के खिलाफ "जीरो टॉलरेंस" नीति पर काम कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# डाकघर बदलने आई टीम को झेलना पड़ा विरोध

## आजादी के पहले से गुरकोठा में चल रहा डाकघर, इसे लेदा में शिफ्ट करना है

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़



विरोध करते हुए ग्रामीण। - समर न्यूज़

आजादी के पहले से गुरकोठा में चल रहे डाकघर को शिफ्ट करने आई डाक विभाग की टीम को ग्रामीणों के भारी विरोध के चलते चुपचाप वापिस लौटना पड़ा।

बता दें कि बल्ह उपमंडल के तहत आने वाले गुरकोठा डाकघर को विभाग द्वारा यहां से लेदा शिफ्ट किया जा रहा है जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। इस संदर्भ में ग्रामीणों ने सरकारों को अपना मांगपत्र भी भेजे हैं जिसका अभी तक कोई जबाव नहीं आया है।

इसी बीच रविवार को डाक विभाग की टीम डाकघर का सामान शिफ्ट करने यहां पहुंच गई। लोगों को पता चला तो उन्होंने डाकघर का घेराव करके नारेबाजी शुरू कर दी।

लोगों के विरोध के चलते टीम को वापिस लौटना पड़ा। स्थानीय निवासी सरदार जसपाल सिंह ने बताया कि गुरकोठा में यह ब्रांच पोस्ट ऑफिस 1947 के पहले से कार्यरत था और वर्ष 1978 में इसे सब पोस्ट ऑफिस का दर्जा दिया गया था।

दशकों से मिल रही इस महत्वपूर्ण सुविधा को अचानक समाप्त किए जाने से क्षेत्र की जनता में भारी रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि पोस्ट ऑफिस हटने से पैन कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों से संबंधित कार्य प्रभावित होंगे और उन्हें सभी में इसे अपडेट करवाने के लिए फालतू की मशक्कत करनी पड़ेगी। इन्होंने डाक विभाग को चेतावनी दी है कि यदि गुरकोठा में डाक सेवा बहाल नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# पुरानी रंजिश में की थी हत्या, 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

संजू | शिमला
समर न्यूज़

ठियोग क्षेत्र में हुए संदिग्ध हत्या प्रकरण का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला थाना ठियोग में BNS की धारा 103(1) के तहत दर्ज किया गया था। यह घटना ग्राम जराई की है, जहां एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी।

जानकारी के अनुसार, 28 फरवरी की सुबह ग्राम जराई निवासी जगदीश जब अपने बाग में बने डेरे पर पहुंचे तो दोनों कमरे अंदर से बंद मिले। एक कमरे में कोई नहीं था, जबकि दूसरे कमरे में धनी राम फर्श पर अचेत अवस्था में पड़े मिले। उनकी सांसें नहीं चल रही थीं। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।

जांच के दौरान शिकायतकर्ता ने आशंका जताई कि सुरेश नामक व्यक्ति ने रात के समय वारदात को अंजाम दिया और अपने परिवार सहित फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। फॉरेंसिक टीम और FSL जुन्गा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, वहीं DSP ठियोग ने भी मौके का जायजा लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया गया। सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय लोगों से पूछताछ और डिजिटल विश्लेषण के आधार पर पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी शरमला पंचायत के गांव शर्मठू में छिपा हुआ है। 1 मार्च को पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी सुरेश को गिरफ्तार कर लिया।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पुरानी रंजिश और शराब के नशे में आरोपी ने कृषि उपकरण से हमला कर धनी राम की हत्या की।

# सरकार ने जनता को विकास का ठेंगा दिखायाः शर्मा

समर न्यूज़ | सिरमौर



जानकारी देते हुए भाजपा नेता। - समर न्यूज़

भाजपा नेताओं ने हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार पर सरकारी बजट की बंदर बांट कर प्रदेश को कंगाल करने का आरोप लगाया है। जिला प्रवक्ता मेलाराम शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बलवीर ठाकुर और जिला भाजपा महासचिव रणवीर ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की सरकार ने पिछले तीन वर्षों में 40 से 50 हजार करोड़ रुपये के ऋण लेकर भी राज्य की जनता को विकास के नाम पर ठेंगा दिखाया है।


उन्होंने कहा कि हिमाचल के इतिहास में सुक्खू सरकार के साढ़े 3 साल प्रदेश को विकास के मामले में बर्बाद करने के लिए स्वर्णिम अक्षरों में लिखे जाएंगे।

उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये का ऋण लेने के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश को जो केंद्रीय सहायता मिली, उसकी मित्र मंडली की ताजपोशी पर जमकर बंदर बांट हुई और सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों की देनदारियां लटका कर रख दी गई। भाजपा नेताओं ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आजीवन सरकारी सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों की देनदारियां अभी तक लंबित है और लगभग 10000 से अधिक पेंशनर्स अपनी देनदारियां लिए बिना ही स्वर्ग सिधार चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस इतनी अधिक संवेदनहीन सरकार आज तक हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार सत्ता में आई है।

उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में विकास ठप पड़ा है सड़कों के बुरे हाल है, सरकारी संस्थानों में हजारों पद रिक्त पड़े हैं और कामकाज ठप्प हो चुका है। विभिन्न विभागों के सरकारी दफ्तर में स्टाफ की कमी के कारण कामकाज ठप पड़ा है और दूसरी तरफ प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवक युवतियों नौकरी की तलाश में दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक तौर पर पूरी तरह दिवालिया हो चुकी इस सरकार को अब सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है और इस सरकार को तुरंत बर्खास्त कर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए ताकि प्रदेश के विकास को पटरी पर लाया जा सके।

# एचपीएमसी की सुस्त कार्यप्रणाली पर घिरी सरकार

संजू | शिमला
समर न्यूज़



हिमाचल प्रदेश में बागवानी सीजन की तैयारियों के बीच एचपीएमसी की कार्यप्रणाली को लेकर बागवानों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सुशील कदशोली ने आरोप लगाया है कि निगम के केंद्रों पर आवश्यक उपकरण, खाद, ऑयल और सेब की दवाइयां उपलब्ध नहीं हैं, जिससे बागवानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से बागवान एचपीएमसी के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें जरूरी सामग्री नहीं मिल पा रही है। बागवानी सीजन का महत्वपूर्ण समय निकलता जा रहा है और सरकार इस मुद्दे पर मौन बनी हुई है।

## 134 करोड़ की पेयजल योजनाएं प्रगति पर

# सुजानपुर में विकास परियोजनाओं को रफ्तार

अरविन्द | हमीरपुर
समर न्यूज़



मुकेश अग्निहोत्री जनता को संबोधित करते हुए। - समर न्यूज़

मुकेश अग्निहोत्री ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में चल रही विकास परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि क्षेत्र में विभिन्न पेयजल योजनाओं पर लगभग 134 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि चबूतरा पेयजल योजना पर करीब 24 करोड़ रुपये की लागत आ रही है और इसे जुलाई तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के पूर्ण होने से हजारों लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा।

चार दिवसीय राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव के प्रथम सांस्कृतिक संध्या समारोह के शुभारंभ अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सुजानपुर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।उन्होंने जानकारी दी कि सुजानपुर में नए बस अड्डे के निर्माण के लिए 7.50 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा करोट में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के निर्माण हेतु 13.50 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। सैनिक स्कूल के लिए 5 करोड़ रुपये तथा सुजानपुर-संधोल सड़क के उन्नयन के लिए 34 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं से क्षेत्र में शिक्षा और यातायात सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। उपमुख्यमंत्री ने जोल में जल शक्ति विभाग का विश्राम गृह बनाने की घोषणा भी की। साथ ही संधोल-घुमारवीं-चंडीगढ़ और टौणी देवी-झनिक्कर-लदरौर-चंडीगढ़ नई बस सेवाएं आरंभ करने की बात कही, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी।उन्होंने कहा कि सुजानपुर के होली उत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर का दर्जा देने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और शीघ्र ही इसकी अधिसूचना जारी की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने दीप प्रज्वलित कर उत्सव का शुभारंभ किया तथा स्मारिका का विमोचन भी किया। गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाली एनसीसी कैडेट अनुराधा और रुचि ठाकुर सहित मेधावी छात्रा काशवी लोहिया को सम्मानित किया गया।

# देव कमरूनाग ने 120 भक्तों को दिया मेहमानवाजी का मौका

## 6 फरवरी को भंडार से निकले, 14 मार्च को करेंगे वापसी; वर्ष में एक बार शिवरात्रि पर मंडी आगमन

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़



देव कमरूनाग पर पुष्पवर्षा करते हुए श्रद्धालु। - समर न्यूज़

मंडी जनपद के आराध्य देव कमरूनाग शिवरात्रि महोत्सव के उपरांत इन दिनों अपने भक्तों के घर-घर जाकर उन्हें मेहमान नवाजी का अवसर प्रदान कर रहे हैं। वर्ष में केवल एक बार मिलने वाले इस अवसर को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह और श्रद्धा देखी जा रही है। देव कमरूनाग का नाम और वाद्य यंत्रों की धुन सुनते ही मंडी जनपद के लोग भाव-विभोर हो उठते हैं। उनका मूल स्थान कमरूनाग झील के तट पर स्थित है, जबकि उनका भंडार कमरूघाटी के गोत गांव में है। देव कमरूनाग का सूरजपाखा (छड़ी) वर्ष में केवल एक बार शिवरात्रि महोत्सव में भाग लेने के लिए मंडी आता है।


शिवरात्रि में शामिल होने से पहले और उसके बाद देव कमरूनाग अपने भक्तों के घरों पर जाकर उन्हें आतिथ्य का अवसर देते हैं। देव कमरूनाग के साथ चल रहे पूर्व गुर नीलमणी ने बताया कि 6 फरवरी को वे अपने भंडार से मंडी के लिए रवाना हुए थे। अब तक 120 से अधिक घरों में जाकर भक्तों को आशीर्वाद दे चुके हैं। आने वाले दिनों में भी बड़ी संख्या में भक्तों ने निमंत्रण दे रखा है। देव कमरूनाग प्रतिदिन अधिकतम पांच घरों में ही जाते हैं। भक्तों के बीच उनके घर देव कमरूनाग के आगमन को लेकर खासा उत्साह रहता है। गुटकर स्थित देवभूमि ग्रुप में पिछले 12 वर्षों से देव कमरूनाग का आगमन हो रहा है। देवभूमि ग्रुप के मालिक राजेंद्र वशिष्टा और उनकी पत्नी मोनिका वशिष्टा ने बताया कि जब से उन्होंने मंडी में अपना कारोबार शुरू किया है, तब से वे हर वर्ष देव कमरूनाग को आमंत्रित करते आ रहे हैं। वर्ष में केवल यही एक अवसर होता है जब उन्हें अपने आराध्य देव की मेहमाननवाजी का सौभाग्य मिलता है।

उल्लेखनीय है कि आगामी संक्रांति, 14 मार्च तक यह यात्रा पूर्ण हो जाएगी और देव कमरूनाग पुनः अपने भंडार में प्रवेश करेंगे। विशेष बात यह है कि यह पूरी यात्रा पैदल ही संपन्न होती है। देव कमरूनाग कभी भी किसी वाहन का उपयोग नहीं करते, जो उनकी परंपरा और आस्था का प्रतीक है।

रंगोत्सव | जयराम ठाकुर, विधायक इंद्र सिंह गांधी, डीसी मंडी अपूर्व देवगन और एसपी मंडी विनोद कुमार ने लगाई हाजिरी

# छोटी काशी मंडी में सेरी मंच पर जमकर उड़ा गुलाल, खूब नाचे लोग

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़



होली खेलते हुए लोग। - समर न्यूज़

छोटी काशी मंडी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली का त्यौहार बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस बार भी होली का सामूहिक आयोजन सेरी मंच पर हुआ जिसमें हजारों की संख्या में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां होली के आयोजकों द्वारा लोगों के लिए डीजे आदि का प्रबंध किया गया था जहां लोगों ने जमकर गुलाल भी उड़ाया और जी भरकर नाचे भी। सुबह करीब दसे बजे से दोपहर दो बजे यह भव्य आयोजन हुआ जिसमें सभी ने शिरकत की।

पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी, डीसी मंडी अपूर्व देवगन और एसपी मंडी विनोद कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और सभी को होली की बधाई दी। इस भारी भरकम भीड़ को मैनेज करने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा। क्यूआरटी की टीमें भीड़ के अंदर पूरी तत्परता से डटी रही। वहीं, दूसरी तरह राज माधव राय मंदिर में भी भगवान श्री कृष्ण को होली लगाने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। बता दें कि राज माधव राय को मंडी रियासत का राजा कहा जाता है और भक्त इनके दरबार में आकर इन्हें गुलाल लगाकर मंगलकामनाएं मांगते हैं। दोपहर दो बजे के बाद राज माधव राय की पालकी के साथ ही छोटी काशी का होली का यह त्यौहार संपन्न हुआ। बता दें कि छोटी मंडी में होली के त्यौहार को हमेशा से ही एक दिन पहले मनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इसलिए यहां होली का त्यौहार हमेशा ही एक दिन पहले मनाया जाता है। लोग इस त्यौहार को पूरे हर्षोल्लास के साथ मना सकें, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय अवकाश भी घोषित किया जाता है।

स्थानीय निवासी संतोष सचदेवा, डा. दिनेश ठाकुर, कनव, दिनेश शर्मा, राज बिहारी कृष्ण दास और ऋषभ शर्मा ने बताया कि इस त्यौहार को लेकर उनके खासा उत्साह रहता है। लोग वर्ष भर इस त्यौहार का इंतजा करते हैं और इसे पूरे जोश के साथ मनाते हैं।

# जयराम ठाकुर ने सेरी मंच पर खेली होली

## सेराज और चच्योट के मतदाताओं का जताया आभार

समर न्यूज़ | मंडी




जयराम ठाकुर लोगों के साथ होली खेलते हुए। - समर न्यूज़

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने वर्षों बाद अपने गृहक्षेत्र मंडी में होली का त्यौहार आम जनता के बीच जाकर मनाया। इस बार की होली के साथ ही जयराम ठाकुर ने अपने राजनीतिक जीवन के 28 वर्ष भी पूरे किए। जयराम ठाकुर ने मंडी के सेरी मंच पर होली मनाने के बाद उन्होंने बताया कि 28 वर्ष पहले आज ही के दिन वे पहली बार हिमाचल प्रदेश की विधानसभा में पहुंचे थे। इन 28 वर्षों के सफर में उन्होंने प्रदेश के विकास के लिए जो भी किया उसमें प्रदेश की जनता का सहयोग और आशीर्वाद रहा है। उन्होंने लगातार 28 वर्षों तक अपना जनप्रतिनिधि चुनने के लिए आज के सराज और पूर्व में रहे चच्योट विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं का आभार जताया। जयराम ठाकुर ने राजनीतिक जीवन में मिले अपार प्यार और स्नेह के लिए प्रदेश और खासकर मंडी जिला की जनता का भी धन्यवाद किया। जयराम ठाकुर ने मंडी की होली के पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि जब वे कॉलेज में पढ़ते थे तो मंडी शहर की गलियों में जाकर होली खेला करते थे। उस दौरान सेरी मंच पर सामूहिक आयोजन की कोई व्यवस्था नहीं थी लेकिन अब समय के साथ यह आयोजन शुरू हुआ है और भव्यता के साथ आयोजित हो रहा है। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए सभी आयोजकों को बधाई दी।

# आईजी के बेटे पर गुंडागर्दी का आरोप

## लाल-नीली बत्ती लगी स्कॉर्पियो से पीछा कर थार के शीशे तोड़ने और टक्कर मारने की कोशिश का आरोप

समर न्यूज़ | पंचकूला

पिंजौर क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामले में हिमाचल प्रदेश के आईजी विमल गुप्ता के नाबालिग बेटे और 10 से 15 सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में आईजी की पत्नी शालू गुप्ता को भी नामजद किया गया है। शिकायत अमरावती एनक्लेव निवासी ट्रांसपोर्ट कारोबारी मनीष धनवान की पत्नी अनुपम धनवान ने दर्ज कराई है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता अनुपम धनवान के अनुसार, शनिवार देर शाम वह अपने पति मनीष धनवान, बच्चों और उनके दोस्तों के साथ अपनी थार गाड़ी में घूमकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान लाल-नीली बत्ती लगी और बिना नंबर की एक स्कॉर्पियो गाड़ी ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। गाड़ी पर पुलिस की नीली लाइट लगी थी और हूटर बजाया जा रहा था। आरोप है कि स्कॉर्पियो चालक ने उनकी थार के आगे गाड़ी लगाकर रास्ता रोक लिया। अनुपम के मुताबिक, स्कॉर्पियो से एक नाबालिग लड़का बेसबॉल बैट लेकर उतरा और आते ही उनकी गाड़ी पर हमला कर दिया। लगातार वार करने से थार के शीशे टूट गए। उस समय गाड़ी के अंदर बैठे बच्चे डर के कारण खुद को लॉक कर चुके थे। विरोध करने पर आरोपी ने कथित रूप से स्कॉर्पियो से टक्कर मारने की कोशिश भी की।



आरोपियों द्वारा तोड़े गए थार के शीशे। - समर न्यूज़

पीड़िता ने आरोप लगाया कि इस दौरान आरोपी की मां भी मौके पर पहुंच गईं और उन्होंने गाली-गलौज करते हुए धमकाया कि "तुम हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते।" कांच टूटने के बाद आरोपी ने उनके एक बच्चे की गर्दन पकड़ ली, जिससे वह घबरा गया और शोर मचाने लगा। शोर सुनकर आसपास के लोग बाहर आए तो स्थिति कुछ शांत हुई।

अनुपम का आरोप है कि आरोपी और उसके साथ मौजूद सुरक्षाकर्मी शराब के नशे में थे। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपी पहले भी सोसाइटी और स्कूल के बच्चों के साथ मारपीट कर चुका है। अनुपम के अनुसार, उनके बच्चे अरावली इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ते हैं, जहां भी आरोपी रौब दिखाता है और बच्चों को धमकाता है। अप्रैल 2025 में भी इसी तरह की घटना के बाद पुलिस में शिकायत दी गई थी, लेकिन तब समझौता हो गया था। अमरावती चौकी प्रभारी एसआई प्रीतम सिंह ने बताया कि मां-बेटे समेत 15 से 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# पीजीआई चंडीगढ़ में बायोमैट्रिक अटेंडेंस लागू की गई

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़ स्थित पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआई) में स्टाफ की देरी से आने की समस्या पर रोक लगाने के लिए सोमवार से बायोमैट्रिक अटेंडेंस लागू कर दी गई। इसकी शुरुआत एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर से हुई है। निदेशक प्रो. विवेक लाल के आदेशानुसार सभी प्रशासनिक व तकनीकी कर्मचारियों को सुबह 9:30 बजे तक उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य है। देर से आने वालों की सूची हर महीने एस्टैब्लिशमेंट ब्रांच को भेजी जाएगी। इस कदम का उद्देश्य ओपीडी व वार्डों में मरीजों को हो रही देरी से राहत देना है। वहीं संस्थान में रोबोटिक सर्जरी का विस्तार भी किया जा रहा है। यूरोलॉजी के बाद अब नेफ्रोलॉजी और आर्थोपेडिक्स विभाग में रोबोट से ऑपरेशन की सुविधा बढ़ेगी, जिससे इलाज अधिक सटीक और सुरक्षित होगा।


# गलत पार्किंग करने वालों पर पुलिस का एक्शन

## पुलिस ने बीस वाहनों के काटे चालान

जसबीर सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज़

शहर की सड़कों को जाम से मुक्ति दिलाने और यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के लिए पुलिस प्रशासन अब पूरी तरह से एक्शन मोड में नजर आ रहा है। डेराबस्सी के यातायात इंचार्ज सुरेंद्र सिंह ने खुद सड़क पर उतरकर और पैदल चलकर सभी गाड़ियों की बारीकी से चेकिंग की। इस दौरान उनका मुख्य निशाना वे वाहन चालक थे जो अपनी सुविधा के लिए सड़क के बीचों-बीच गाड़ी खड़ी कर दूसरों की राह में रोड़ा अटकाते हैं। अक्सर देखा जाता है कि डेराबस्सी के मुख्य बाजारों में लोग अपनी गाड़ियां सड़क के बीच ही छोड़ देते हैं और खुद आराम से शॉपिंग करने निकल जाते हैं।

इस गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार की वजह से पूरी सड़क ब्लॉक हो जाती है, जिससे पीछे आने वाले वाहनों और पैदल चलने वाले राहगीरों को भारी मशक्कत का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी एम्बुलेंस और स्कूल बसों को होती है जो घंटों इस जाम में फंसी रहती हैं। यातायात इंचार्ज सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा बार-बार मौके पर जाकर लोगों को बुला-बुलाकर समझाया जाता है और गाड़ी सही जगह लगाने की अपील की जाती है। हैरानी की बात यह है कि इतना समझाने के बावजूद लोग अपनी आदतों में सुधार नहीं लाते और पुलिस की बातों को अनसुना कर देते हैं। बार-बार समझाने का कोई असर नहीं हुआ तो पुलिस को मजबूरन सख्त कदम उठाना पड़ा। इसी कड़ी में आज इंचार्ज सुरेंद्र सिंह ने खुद एक-एक गाड़ी को चेक किया और मौके पर ही करीब 19 से 20 वाहनों के चालान काटे। पुलिस की इस अचानक हुई कार्रवाई से नियम तोड़ने वाले चालकों में हड़कंप मच गया। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि सड़क किसी की निजी पार्किंग नहीं है और सार्वजनिक रास्ते को रोकना कानूनन जुर्म है। इंचार्ज सुरेंद्र सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे शहर को सुंदर और जाम-मुक्त बनाने में सहयोग दें। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि लोग अब भी नहीं सुधरे तो आने वाले दिनों में यह अभियान और भी सख्ती से जारी रहेगा।



ट्रैफिक पुलिसकर्मी चालान काटता हुआ - समर न्यूज़

# डीसी के सख्त निर्देश दुकानों पर न बिके मिलावटी सामान

समर न्यूज़ | पंचकूला

चंडीगढ़ डीसी सतपाल शर्मा ने होली उत्सव के मद्देनजर फूड सेफटी, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक व संबंधित अधिकारियों को दुकानों का निरिक्षण कर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि पर्व के दौरान मिलावटी रंग और मिठाइयों की बिक्री न हो। उपायुक्त ने कहा कि होली पर्व के दौरान भारी संख्या में लोग मिठाईयों और रंगों की खरीदारी करते हैं और इनमें मिलावट होने से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड सकता है। उन्होने स्पष्ट किया कि यदि कोई भी दुकानदार मिलावटी रंग की बिक्री करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कारवाई की जाएगी। उन्होने पंचकूला और कालका के एसडीएम को भी अपने संबधित क्षेत्रों में सघन निरिक्षण कर मिठाईयों और रंगों की बिक्री पर नजर रखने के निर्देश दिए।

# निर्माण कार्यों की लापरवाही और उखड़ी सड़कें बनी मुसीबत

## तेज हवाओं के साथ उड़ती धूल ने राहगीरों का किया जीना हुआ मुहाल

जसबीर सिंह| डेराबस्सी
समर न्यूज़

होली के नजदीक आते ही मौसम के बदले मिजाज और तेज हवाओं ने डेराबस्सी के निवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शहर में इन दिनों जगह-जगह निर्माण कार्य चल रहे हैं चाहे वह सरकारी स्तर पर सड़कों और नालियों का काम हो या फिर निजी तौर पर चल रहे बड़े बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन। समस्या यह है कि इन निर्माण कार्यों के बाद बची हुई धूल-मिट्टी और मलबे को सही तरीके से साफ नहीं किया जाता, जो अब तेज हवाओं के साथ मिलकर पूरे शहर के लिए प्रकोप बन चुकी है।

सड़कों पर फैली यह बारीक मिट्टी हवा चलते ही गुबार का रूप ले लेती है। आलम यह है कि सड़क से गुजरने वाले राहगीरों के चेहरे और कपड़े मिट्टी से सन रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या मिट्टी से भरे वे खुले टिप्पर भी पैदा कर रहे हैं, जो बिना किसी कवर के सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इन खुले वाहनों से उड़ती मिट्टी सीधे पीछे चल रहे राहगीरों की आंखों में गिरती है, जिससे हर समय बड़े हादसे का अंदेशा बना रहता है।



सड़क पर उड़ती हुई धूल। -समर न्यूज़

निर्माण स्थल पर काम करने वाले लोग या ठेकेदार अक्सर खुदाई के बाद बची मिट्टी को वहीं छोड़ देते हैं जो सूखने के बाद हवा के साथ उड़कर लोगों के घरों और फेफड़ों तक पहुंच रही है। इसके साथ ही बदलते मौसम ने सेहत पर भी दोहरी मार की है। रात के समय कभी गर्मी लगती है तो पंखा चलाने पर ठंड का अहसास होता है। तापमान के इस उतार-चढ़ाव और हवा में घुली धूल के कारण बच्चों और बुजुर्गों में सांस की तकलीफ और वायरल बुखार का खतरा बढ़ गया है।

आगामी त्योहार को देखते हुए यह अपील भी की जाती है कि इस बार होली केवल सूखे और प्राकृतिक रंगों से ही खेली जाए, ताकि स्किन को कोई नुकसान न हो और सेहत पर भी किसी प्रकार का कोई दुष्प्रभाव न पड़े। स्थानीय लोगों की प्रशासन से पुरजोर मांग है कि चाहे सरकारी काम हो या गैर-सरकारी, निर्माण के बाद सफाई और पानी का छिड़काव अनिवार्य किया जाए और मिट्टी ढोने वाले वाहनों को ढककर चलाना सुनिश्चित हो, ताकि इस धूल भरी आफत से शहरवासियों को निजात मिल सके।

# शराब ठेके के पास मिला युवक का शव, पास ही मिली शराब की बोतल

समर न्यूज़ | पंचकूला

शराब ठेके के पास एक व्यक्ति का शव मिला है। शव मिलने की सूचना पर पंचकूला के पिंजौर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। हालांकि अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

पिंजौर में नालागढ़ रोड पर स्थित सेक्टर 29 के टी पॉइंट पर शराब का ठेका है। इस शराब ठेके पास सोमवार को दोपहर में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला। मृतक की उम्र करीब 45 से 50 साल बताई जा रही है। जो देखने में बहुत ही ज्यादा कमजोर लग रहा है।

बताया कि उसके पास एक शराब का आधा ( छोटी बोतल) खाली बरामद हुआ है। मौके पर फोरेंसिक टीम को कई प्रकार के नमूने इकट्ठे करने के लिए बुलाया गया। पुलिस द्वारा मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए कालका अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया गया। पिंजौर थाना प्रभारी बच्चू सिंह ने बताया कि शराब ठेके के पास एक व्यक्ति का शव मिला है। जो मजदूर दिखाई पड़ रहा है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि रात के समय शराब पीकर यहीं लेट गया। ऐसा लग रहा है कि अधिक शराब पीने के कारण मौत हुई है। हालांकि मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आएगी। शव के शिनाख्त को प्रयास चल रहे हैं।



# अखिल भारतीय पुलिस कमांडो प्रतियोगिता में आईटीबीपी ने मारी बाजी

समर न्यूज़ | पंचकूला

नेशनल सिक्योरिटी गार्ड मानेसर में 16वीं अखिल भारतीय पुलिस कमांडो प्रतियोगिता का समापन हो गया है। इस प्रतियोगिता में इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस आईटीबीपी ने ओवरऑल चैंपियन बनकर सबको चौंका दिया। आईटीबीपी की कमांडो टीम, जो बेसिक ट्रेनिंग सेंटर भानू में तैनात है। उन्होंने अशोक नेगी, पीएमजी, आईजी, बीटीसी के नेतृत्व में अपनी ताकत का लोहा मनवाया। उनकी जीत ने उनकी फिटनेस, युद्ध कौशल और फायरिंग प्रोफेशनलिज्म को साबित कर दिया, और उन्हें प्रतिष्ठित चक्रव्यूह ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में 24 टीमों ने भाग लिया जिसमें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य विशेष पुलिस बलों के जाबांज शामिल थे।

## ट्रैफिक पुलिस ने बच्चों को सड़क पार करना सिखाया

# पुलिस ने बच्चों को सिखाए ट्रैफिक नियम

समर न्यूज़ | मोहाली

सेक्टर-12 स्थित चिल्ड्रन पार्क में पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सेक्टर-14 स्थित कॉस्मोपॉलिटन स्कूल के बच्चों को यातायात नियम सिखाए। ट्रैफिक पुलिसकर्मी रोशनलाल ने बच्चों को खेल-खेल में बेहद सरल और रोचक तरीके से यातायात नियमों की जानकारी दी। शुरुआत में बच्चों को ट्रैफिक लाइट के रंगों लाल, पीला और हराका महत्व समझाया गया और बताया गया कि किस स्थिति में रुकना है, धीमा होना है या सुरक्षित तरीके से आगे बढ़ना है। रोशनलाल ने बच्चों को ट्रैफिक पार्क में बनाए गए मॉडल रोड और सिग्नल्स की मदद से प्रैक्टिकल डेमो भी दिया ताकि बच्चे न केवल समझें बल्कि वास्तविक जीवन में पहचान सकें। बच्चों को यह भी सिखाया गया कि सड़क पार करते समय हमेशा जेबरा क्रॉसिंग का उपयोग करें, दाएं-बाएं देखकर ही कदम बढ़ाएं और हमेशा बड़ों का हाथ पकड़कर सड़क पार करें। इसके अलावा पुलिसकर्मी ने बच्चो से कहा कि जब भी बच्चे अपने माता-पिता के साथ किसी वाहन में बैठें तो वे उन्हें सीट बेल्ट लगाने के लिए कहें साथ ही दोपहिया वाहन पर सफर करते समय हमेशा हेलमेट पहनने और परिवार के सदस्यों को भी हेलमेट पहनने के लिए कहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने उत्साह के साथ सवाल पूछे और ट्रैफिक संकेतों को पहचानने से लेकर सड़क पर सुरक्षित चलने तक कई महत्वपूर्ण बातें सीखी। एसीपी ट्रैफिक सुरेंद्र सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा की नींव तभी मजबूत होती है जब हम इसे बचपन से सीखते हैं। ऐसे कार्यक्रम न केवल बच्चों को जागरूक करते हैं बल्कि पूरे परिवार तक सुरक्षा का संदेश पहुंचाते हैं।



पुलिसकर्मी बच्चों को ट्रैफिक नियम के बारे में बताता हुआ। -समर न्यूज़

# पोस्ट ऑफिस और पासपोर्ट दफ्तर को बम से उड़ाने की धमकी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़ में एक बार फिर बम धमकी से हड़कंप मच गया। इस बार शहर के पोस्ट ऑफिस और पासपोर्ट दफ्तरों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई। ईमेल में 12 जहरीले गैस बम धमाकों की बात कही गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने सोमवार दोपहर सभी संबंधित दफ्तरों को खाली करवा लिया और व्यापक सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सेक्टर-34 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सतिंदर सिंह के अनुसार, धमकी भरा ईमेल रविवार देर रात 11 बजकर 46 मिनट पर प्राप्त हुआ। सोमवार को दफ्तर खुलने के बाद अधिकारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। दोपहर 12 बजकर 2 मिनट पर पुलिस सक्रिय हुई और पोस्ट ऑफिस व पासपोर्ट कार्यालयों में तलाशी अभियान चलाया गया। बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉयड और फॉरेंसिक टीम की मदद से करीब डेढ़ घंटे तक जांच की गई, लेकिन कोई विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई। इसके बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे कामकाज दोबारा शुरू कर दिया गया। ईमेल में प्रेषक ने अपना नाम आरना अश्विन शेखर बताया और छेड़छाड़ व पॉक्सो मामले का उल्लेख करते हुए न्याय न मिलने का आरोप लगाया। साथ ही कुछ संगठनों का जिक्र करते हुए सरकारी शक्ति के दुरुपयोग की बात कही गई। यह पहली बार नहीं है जब शहर में ऐसी धमकी मिली हो। इससे पहले स्कूलों, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट और जिला अदालत को भी कई बार बम धमकियां मिल चुकी हैं, लेकिन हर बार जांच में कुछ संदिग्ध नहीं मिला। फिलहाल पुलिस साइबर सेल की मदद से ईमेल की आईपी ट्रेस कर रही है और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।



# डड्डू माजरा में घर के बाहर खड़ी बुलेट चोरी

## सीसीटीवी में कैप्चर हुई वारदात, चेहरे साफ दिखने के बावजूद आरोपी फरार

समर न्यूज़| चंडीगढ़

वाहन चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती नजर आ रही हैं। ताजा मामला डड्डू माजरा कॉलोनी का है, जहां घर के बाहर खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल को दो युवक बिना चेहरा ढके ही चोरी कर ले गए। पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित जयप्रकाश ने बताया कि 27 फरवरी की रात उनका बेटा हेमंत रोजाना की तरह बुलेट घर के बाहर खड़ी कर सो गया था। रात करीब 1 बजकर 26 मिनट पर हेमंत को बाइक स्टार्ट होने की आवाज सुनाई दी। जब वह बाहर आया तो एक युवक बुलेट लेकर जा रहा था।

हेमंत ने शोर मचाया और तुरंत एक्टिवा स्कूटर से आरोपियों का पीछा किया, लेकिन काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिवार ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर पीसीआर टीम पहुंची और कुछ देर बाद डड्डू माजरा चौकी पुलिस भी वहां पहुंच गई। पुलिस ने ई-एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



आरोपी बाइक चोरी करता हुआ। । -समर न्यूज़

पहले रेकी की, फिर बाइक स्टार्ट कर हुए फरार सीसीटीवी फुटेज में रात 1 बजकर 23 मिनट पर दो युवक कॉलोनी में कई बार इधर-उधर घूमते नजर आ रहे हैं। दोनों ने अपना चेहरा नहीं ढका हुआ था। एक युवक ने सिर पर टोपी पहन रखी थी, जिसे बाद में उतारकर हाथ में पकड़ लिया। कुछ देर बाद दोनों ने बुलेट स्टार्ट की और मौके से फरार हो गए। जयप्रकाश ने बताया कि करीब दो साल पहले उन्होंने 1 लाख 40 हजार रुपये में यह बुलेट खरीदी थी। बाइक उन्होंने एक ऐसे व्यक्ति से ली थी, जिसे विदेश जाना था। उनका बेटा सेक्टर-11 स्थित कॉलेज में अंतिम वर्ष का छात्र है और रोजाना इसी बाइक से कॉलेज जाता था। चेहरे साफ, फिर भी गिरफ्तारी नहीं सीसीटीवी फुटेज में दोनों आरोपियों के चेहरे स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। इसके बावजूद अब तक पुलिस किसी भी आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी नहीं कर पाई है।

# राष्ट्रीय सम्मेलन में पीजीआई की डॉ. मधु गुप्ता हुई सम्मानित

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

सिलवासा स्थित नामो मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट में 27 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक भारतीय निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा संघ का 53वां राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़ की प्रोफेसर डॉ. मधु गुप्ता को प्रतिष्ठित धनवंतरी ओरेशन सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान दमन एवं दीव, दादरा एवं नगर हवेली तथा लक्षद्वीप के प्रशासक प्रफुल पटेल ने प्रदान किया। डॉ. मधु गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि यदि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाना है तो टीकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि टीकाकरण केवल बीमारियों से बचाव का माध्यम नहीं है, बल्कि इससे देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है।

आयोजन

## विद्यार्थियों ने प्रदर्शित की रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच

# जीएमएचएस-24 स्कूल में विज्ञान दिवस मनाया गया

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

सरकारी मॉडल हाई स्कूल सेक्टर-24 राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर वैज्ञानिक जिज्ञासा और नवाचार का केंद्र बन गया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रतिष्ठित सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियंत्रण और गणित के प्रति रुचि एवं जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप जिला शिक्षा अधिकारी बीना द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कम उम्र से ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों से आगे बढ़कर प्रयोगात्मक और व्यावहारिक सीखने का अवसर प्रदान करते हैं। विद्यालय परिसर में दिनभर विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों की ज्ञान क्षमता और रचनात्मकता दोनों की परीक्षा हुई। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने अक्षय ऊर्जा समाधान से लेकर रोबोटिक्स तक के कार्यशील मॉडल प्रस्तुत किए। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने वैश्विक वैज्ञानिक उपलब्धियों और भारत की समृद्ध वैज्ञानिक विरासत से जुड़े प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पोस्टर निर्माण और संवाद कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने जटिल वैज्ञानिक अवधारणाओं को कला के माध्यम से अभिव्यक्त किया, वहीं परिचर्चा सत्र में विज्ञान की दैनिक जीवन में भूमिका पर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण विद्यालय की दीवारों पर स्थापित गणितीय परियोजनाएं रहीं। ये स्थायी दीवार-स्थापित मॉडल समेकित शिक्षण को बढ़ावा देंगे और विद्यार्थियों को ज्यामितीय प्रमेयों तथा बीजगणितीय पैटर्न को प्रत्यक्ष रूप से समझने में सहायक होंगे। शिक्षकों का मानना है कि ये दृश्य सहायक सामग्री गणित विषय को अधिक सहज और रोचक बनाएगी। अंत में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विद्यालय और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के बीच यह सहयोग शिक्षा और नवाचार के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



विज्ञान दिवस के मौके पर स्कूल के छात्र और शिक्षक। -समर न्यूज़

समर एक्सप्रेस
इन सभी क्षेत्रों में समर एक्सप्रेस अखबार को स्टिंगर की जरुरत है।
• लालड़ू • मोरनी • कुराली
• खरड़ • बरवाला • मुल्लांपुर
• पिंजौर • बनूड़ • मटौर
• कालका • रायपुररानी
SEND YOUR RESUME TO
infosummerexpress@gmail.com
Whats App:- 79866-30191

# इजराइल में यूपी के 6 हजार श्रमिक सुरक्षित

एजेंसी | लखनऊ



पूरे मिडिल ईस्ट देशों के हालात बिगड़े हुए हैं। लोग तनाव में हैं। हवाई उड़ाने बंद कर दी गई हैं। दुबई में फंसे लोग मदद की गुहार लगा रहे हैं। इसी बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने इजराइल में कार्यरत उत्तर प्रदेश के 6 हजार से अधिक श्रमिक मजदूरों को लेकर एक बयान जारी किया है। सरकार का कहना है कि सभी श्रमिक सुरक्षित हैं और वहां स्थिति सामान्य बनी हुई है। प्रदेश सरकार ने स्पष्ट किया है कि सभी मजदूरों की कुशलक्षेम की लगातार निगरानी की जा रही है। मौजूदा हालात को देखते हुए सरकार सतर्क मोड में है। राज्य सरकार तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास के साथ लगातार समन्वय बनाए हुए है। श्रमिकों को सुरक्षित स्थानों पर रहने और स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। योगी सरकार ने 24x7 हेल्पलाइन जारी की है, ताकि जरूरत पड़ने पर श्रमिक या उनके परिजन तुरंत संपर्क कर सकें। सभी श्रमिकों की स्थिति पर नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है और उनके परिवारों को समय-समय पर जानकारी दी जा रही है। सरकार का कहना है कि इजराइल में तैनात भारतीय राजदूत संजीव सिंगला के साथ निरंतर संपर्क बना हुआ है, जिससे हर स्थिति की अपडेट मिल रही है। ये सभी श्रमिक वर्ष 2024 में एनएसडीसी और इजराइल की पीआईबीए के माध्यम से चयनित हुए थे। वर्तमान में वे विभिन्न निर्माण परियोजनाओं में कार्यरत हैं।

# कोलकाता में भारत की सैमसन जीत, सेमीफाइनल में एंट्री

## संजू सैमसन की नाबाद 97 रन की आतिशी पारी से भारत ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया

एजेंसी | कोलकाता



आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप का 52वां मुकाबला भारत और वेस्टइंडीज के बीच कोलकाता के मैदान पर खेला गया। जहां संजू सैमसन की आतिशी नाबाद 97 रनों की पारी के दम पर टीम इंडिया ने 5 विकेट से मैच जीता और सेमीफाइनल का टिकट हासिल कर लिया। वहीं, इस हार के साथ वेस्टइंडीज का सफर अब खत्म हो गया है। इस मुकाबले में टॉस जीतकर सूर्यकुमार यादव ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। विंडीज ने 196 रनों का टारगेट भारत के सामने रखा था। जिसे भारत ने 20वें ओवर में चेज कर लिया। अब भारत का सेमीफाइनल मैच इंग्लैंड के साथ 5 मार्च को होगा। ये मुकाबला मुंबई में खेला जाएगा। 196 के जवाब में उतरी संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की जोड़ी ने संभली शुरुआत की। लेकिन तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर अभिषेक अपना विकेट गंवा बैठे। उन्होंने केवल 10 रन बनाए। इसके बाद 5वें ओवर में ईशान किशन भी अपना विकेट गंवा बैठे। ईशान के बल्ले से केवल10 रन आए। 6 ओवर के बाद भारत का स्कोर 53-2 था। लेकिन इसके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव और संजू सैमसन के बीच अच्छी साझेदारी हुई। दोनों ने तेजी से रन बनाए और रिस्क फ्री शॉट खेले। इसी बीच संजू सैमसन ने केवल 26 गेंदों में फिफ्टी जड़ दी और 10वें ओवर में ही भारत का स्कोर 100 के करीब पहुंचा दिया। 10 ओवर के बाद भारत का स्कोर 98-2 था। दोनों के बीच 58 रनों की ये साझेदारी टूटी 11वें ओवर में जब कप्तान सूर्या 18 रन बनाकर आउट हो गए। लेकिन इसके बाद तिलक वर्मा और संजू सैमसन के बीच कमाल की साझेदारी हुई। दोनों ने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी की। लेकिन 25 गेंदों में 42 रनों की ये साझेदारी टूटी 15वें ओवर में जब तिलक वर्मा अपना विकेट गंवा बैठे। तिलक के बल्ले से 15 गेंद में 27 रन आए।

आखिरी 5 ओवर में भारत को 50 रनों की दरकार थी। हार्दिक और संजू की जोड़ी मैदान में थी। 16वें ओवर में 14 रन दोनों ने बनाए। तब भारत को 24 गेंद में 36 रनों की दरकार थी। 17वें ओवर में संजू और हार्दिक ने 11 रन जोड़े और 18 गेंद में 25 रनों की जरूरत छोड़ी। 18वें ओवर में भारत ने 8 रन जोड़े। 12 गेंद में 17 रनों की दरकार थी। लेकिन 19वें ओवर में हार्दिक पंड्या अपना विकेट गंवा बैठे। तब भारत को 10 गेंद में 17 रन चाहिए थे। लेकिन तब भी भारत ने इस ओवर में 10 रन जोड़ लिए। आखिरी ओवर में भारत को 7 रन चाहिए थे। जिसे संजू सैमसन ने दो गेंदों में ही चेज कर लिया। संजू सैमसन ने इस पारी में 50 गेंदों में नाबाद 97 रनों की पारी खेली। इस पारी में 12 चौके और 4 छक्के जड़े। पहले बैटिंग के लिए वेस्टइंडीज के लिए बतौर सलामी बल्लेबाज शाई होप और रोस्टन चेज की जोड़ी मैदान में पहुंची।

दोनों ने संभली शुरुआत की। 5वां ओवर लेकर बुमराह आए। उन्होंने एक मौका बनाया। लेकिन अभिषेक शर्मा ने एक आसान सा कैच छोड़ दिया। 6 ओवर के बाद वेस्टइंडीज का स्कोर 45-0 था। 9वें ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने भारत को पहली सफलता दिलाई, जब उन्होंने शाई होप को बोल्ड किया। होप ने 33 गेंदों में 32 रन बनाए। 68 के स्कोर पर विंडीज को पहला झटका लगा। 10 ओवर के बाद विंडीज का स्कोर 82-1 था। इसके बाद बुमराह ने विंडीज को 12वें ओवर में दूसरा झटका दिया। 102 के स्कोर पर बुमराह ने हेटमायर का विकेट झटका। हेटमायर 12 गेंद में 27 रन बनाकर आउट हुए। इसी ओवर में बुमराह ने विंडीज को एक और झटका दिया और चेज को भी चलता कर दिया। चेज 40 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद 15वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने रदरफोर्ड का विकेट झटका और विंडीज को चौथा झटका दे दिया। रदरफोर्ड 14 रन ही बना सके। लेकिन इसके बाद पॉवेल और जेसन होल्डर के बीच कमाल की साझेदारी हुई। दोनों ने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी की। दोनों के बीच 35 गेंद में 76 रनों की साझेदारी हुई। और दोनों ने टीम का स्कोर 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 195 तक पहुंचाया।

# दक्षिण अफ्रीका की लगातार सातवीं जीत, सेमीफाइनल में प्रवेश

## साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराया, न्यूजीलैंड से कोलकाता में होगा सेमीफाइनल मुकाबला

एजेंसी | नई दिल्ली



आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 के मैच नंबर-51 में रविवार (1 मार्च) को साउथ अफ्रीका का सामना जिम्बाब्वे से हुआ। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में हुए सुपर-8 स्टेज के इस मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने 5 विकेट से जीत हासिल की। जिम्बाब्वे ने साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 154 रनों का टारगेट दिया था, जिसे उसने 17।5 ओवर में हासिल कर लिया। साउथ अफ्रीका की मौजूदा टूर्नामेंट में ये लगातार सातवीं जीत रही। इस जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका ग्रुप-1 में 6 अंकों के साथ टॉप पर रहा। साउथ अफ्रीका अब सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करेगा। वो मुकाबला 4 मार्च (बुधवार) को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। रनचेज में साउथ अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने 14 रनों के स्कोर तक क्विंटन डिकॉक (0 रन) और एडेन मार्करम (4 रन) के विकेट खो दिए। दोनों सलामी बल्लेबाजों को जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने अपनी फिरकी में फंसाया। रयान रिकेल्टन ने कुछ बड़े शॉट्स खेले, लेकिन उनकी इनिंग्स ज्यादा देर तक नहीं चली। रिकेल्टन ने चार छक्के की मदद से 22 बॉल पर 31 रनों का योगदान दिया। इसके बाद डेवाल्ड ब्रेविस और डेविड मिलर के बीच चौथे विकेट के लिए 50 रनों की साझेदारी हुई। ब्रेविस ने सिर्फ 18 बॉल पर 42 रन बनाए, जिसमें चार छक्के और दो चौके शामिल रहे। वहीं मिलर के बल्ले से 22 रन निकले। मिलर ने अपनी इनिंग्स में दो चौके और दो छक्के जड़े। यहां से जॉर्ज लिंडे और ट्रिस्टन स्टब्स ने छठे विकेट के लिए 53 रनों की मैच विनिंग साझेदारी की। स्टब्स ने 21* और जॉर्ज लिंडे ने 30* रन बनाए। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए जिम्बाब्वे ने सात विकेट पर 153 रन बनाए। जिम्बाब्वे की ओर से सबसे उम्दा प्रदर्शन कप्तान सिकंदर रजा ने किया। रजा ने 8 चौके और चार छक्के की मदद से 43 गेंदों पर 73 रनों की पारी खेली। क्लाइव मडांडे ने 20 बॉल नाबाद 26 रनों का योगदान दिया, जिसमें तीन चौके शामिल रहे।


# जून में टेस्ट और वनडे सीरीज का शेड्यूल जारी

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने 2 मार्च को जून 2026 में होने वाली भारत बनाम अफगानिस्तान घरेलू सीरीज के कार्यक्रम की घोषणा कर दी। Afghanistan national cricket team आईपीएल 2026 के समापन के बाद भारत दौरे पर आएगी। दोनों टीमों के बीच एकमात्र टेस्ट मुकाबला 6 जून 2026 से मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़) में खेला जाएगा। यह 2018 के बाद दोनों देशों के बीच पहला टेस्ट मैच होगा, जिससे इस मुकाबले को लेकर खासा उत्साह है। अगस्त में भारत को Sri Lanka national cricket team के खिलाफ दो टेस्ट खेलने हैं, ऐसे में अफगानिस्तान के विरुद्ध यह मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र की तैयारियों के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। टेस्ट के बाद 14 से 20 जून के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज आयोजित की जाएगी। पहला वनडे 14 जून को धर्मशाला, दूसरा 17 जून को लखनऊ और तीसरा 20 जून को चेन्नई में खेला जाएगा। तीनों मुकाबले डे-नाइट होंगे। यह पहली बार होगा जब भारत अपनी सरजमीं पर अफगानिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय वनडे सीरीज खेलेगा। इससे पहले दोनों टीमें एशिया कप और वनडे विश्व कप जैसे बहु-टीम टूर्नामेंट्स में आमने-सामने आ चुकी हैं। यह सीरीज अगले साल दक्षिण अफ्रीका में प्रस्तावित वनडे विश्व कप की तैयारियों का भी अहम हिस्सा मानी जा रही है। भारत और अफगानिस्तान के बीच अब तक केवल एक टेस्ट मैच खेला गया है, जो 2018 में बेंगलुरु में हुआ था। उस मुकाबले में भारत ने पारी और 262 रनों से बड़ी जीत दर्ज की थी। उस समय टीम की कप्तानी Ajinkya Rahane ने की थी। मैच में Murali Vijay और Shikhar Dhawan ने शतक लगाए थे, जबकि Ravichandran Ashwin और Ravindra Jadeja ने पांच-पांच विकेट चटकाए थे। वनडे प्रारूप में दोनों टीमों के बीच अब तक चार मुकाबले खेले गए हैं, जिनमें भारत ने तीन जीते हैं, जबकि एक मैच टाई रहा था (एशिया कप 2018)। आखिरी बार दोनों टीमें 2023 वनडे विश्व कप में भिड़ी थीं, जहां Rohit Sharma ने 84 गेंदों पर 131 रन की विस्फोटक पारी खेली थी और Virat Kohli ने नाबाद 56 रन बनाए थे। दिल्ली में खेले गए उस मुकाबले में भारत ने 8 विकेट से जीत दर्ज की थी। आगामी सीरीज से एक बार फिर दोनों टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा को नया आयाम मिलने की उम्मीद है।

# सुबह का नाश्ता करना क्यों है जरूरी

समर न्यूज | लुधियाना



सुबह का नाश्ता सिर्फ भूख मिटाने का साधन नहीं, बल्कि पूरे दिन की सेहत और ऊर्जा का सबसे बड़ा आधार है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, जो लोग सुबह का नाश्ता नियमित रूप से करते हैं, वे दिनभर ज्यादा सक्रिय, तरोताजा रहते हैं। नाश्ता छोड़ने से शरीर और दिमाग दोनों पर बुरा असर पड़ता है, जिससे कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। नेशनल हेल्थ मिशन बताता है कि सुबह का नाश्ता क्यों जरूरी है, रातभर के लंबे उपवास के बाद शरीर में ऊर्जा की कमी हो जाती है। सुबह का नाश्ता इस कमी को पूरा करता है और शरीर को तुरंत एनर्जी देता है। इससे मेटाबॉलिज्म तेजी से सक्रिय हो जाता है, जो पूरे दिन कैलोरी जलाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाता है। अगर नाश्ता नहीं किया जाए, तो मेटाबॉलिज्म धीमा पड़ जाता है, जिससे वजन बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। नाश्ता करने से मूड भी अच्छा रहता है। सुबह पौष्टिक भोजन लेने से सेरोटोनिन और डोपामाइन जैसे हार्मोन बेहतर तरीके से काम करते हैं, जिससे व्यक्ति तनावमुक्त, खुश और एनर्जेटिक महसूस करता है। वहीं नाश्ता छोड़ने से चिड़चिड़ापन, थकान और कमजोरी का अहसास होता है। वजन नियंत्रण के लिए भी सुबह का नाश्ता बहुत फायदेमंद है। अध्ययनों से पता चलता है कि जो लोग नाश्ता करते हैं, उनमें मोटापे का खतरा काफी कम होता है। नाश्ता छोड़ने पर दिन में ज्यादा भूख लगती है और लोग ज्यादा खाने लगते हैं, खासकर जंक फूड की ओर रुझान बढ़ता है। नाश्ता दिमाग के लिए भी वरदान है। यह एकाग्रता, याददाश्त और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाता है। स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चों और ऑफिस जाने वालों के लिए सुबह का पौष्टिक नाश्ता बेहद जरूरी है। इसमें प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर चीजें जैसे दूध, फल, ओट्स, दलिया, उपमा, पोहा, इडली, पराठा, नट्स आदि शामिल करने चाहिए। नाश्ता न करने से थकान और कमजोरी महसूस हो सकती है। एकाग्रता और याददाश्त में कमी मेटाबॉलिज्म धीमा पड़ना और वजन बढ़ने के साथ ही एसिडिटी, सिरदर्द और चक्कर आना भी शामिल है। इससे दिनभर चिड़चिड़ापन और तनाव के साथ शुगर लेवल भी अनियंत्रित हो सकता है।

# टैलोन ग्रीक्सपूर के हटने से दानिल मेदवेदेव ने दुबई खिताब जीता

## शुक्रवार को आंद्रेई रुब्लेव पर अपनी सेमीफाइनल जीत के दौरान चोट लगी थी

एजेंसी | दुबई



दानिल मेदवेदेव ने शनिवार को दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में खिताब जीता, जब टैलोन ग्रीक्सपूर बाएं हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण फाइनल से पहले हट गए। ग्रीक्सपूर को शुक्रवार को आंद्रेई रुब्लेव पर अपनी सेमीफाइनल जीत के दौरान चोट लगी थी। डचमैन ने एक सर्व के बाद अजीब तरह से लैंड किया और, हालांकि उन्होंने सीधे सेटों में जीत हासिल की, वह चैंपियनशिप मैच के लिए समय पर ठीक नहीं हो पाए, जिसके परिणामस्वरूप वॉकओवर हो गया। ट्रॉफी सेरेमनी के दौरान ग्रीक्सपूर ने कहा, 'मैं बेहतर हो गया हूं, यह पक्का है। बदकिस्मती से सेमीफाइनल के दौरान मुझे चोट लग गई। मैं आज सुबह हॉस्पिटल गया और कुछ स्कैन हुए, जिसमें कुछ सीरियस दिखा। इसकी वजह से मैं आज रात कोर्ट पर नहीं आ पाया और आने वाले हफ्तों में भी कोर्ट पर नहीं आ पाऊंगा।' यह टाइटल मेदवेदेव का 23वां टूर-लेवल क्राउन है और जनवरी में ब्रिस्बेन में जीतने के बाद 2026 सीजन का दूसरा क्राउन है। यह पहली बार भी है जब 30 साल के इस खिलाड़ी ने एक ही इवेंट दो बार जीता है, इससे पहले उन्होंने 2023 में दुबई में जीत हासिल की थी। एटीपी लाइव रैंकिंग में नंबर 11 पर मेदवेदेव नंबर 10 अलेक्जेंडर बुब्लिक से सिर्फ 45 पॉइंट पीछे हैं, जबकि वह पिछले साल जून के बाद पहली बार टॉप 10 में वापसी करने की कोशिश कर रहे हैं। पहली बार एक ही इवेंट दो बार जीतने के बारे में पूछे जाने पर मेदवेदेव ने कहा, 'यही इसकी क्रेजी बात है। मैंने दुनिया के किसी भी शहर में ऐसा कभी नहीं किया, और पहली बार जब मैंने ऐसा किया, तो यह वॉकओवर के जरिए हुआ।।। हम हफ्ते की शुरुआत से पहले ही जानते थे, जिस तरह से मैं प्रैक्टिस कर रहा था, मैं एक भी बॉल मिस नहीं कर सकता था। हम जानते थे कि यह एक शानदार हफ़्ता होने वाला है। यह एक शानदार हफ़्ता था और मैं आने वाले अगले टूर्नामेंट्स का इंतज़ार कर रहा हूं।' हार्ड कोर्ट पर अपनी 21वीं टूर-लेवल ट्रॉफी के साथ मेदवेदेव ने एक्टिव खिलाड़ियों में नोवाक जोकोविच (72) के बाद, इस सरफेस पर दूसरे सबसे ज़्यादा जीत के मामले में वर्ल्ड नंबर 2 जैनिक सिनर की बराबरी कर ली। ग्रीक्सपूर दुबई में अपने करियर का चौथा और सबसे बड़ा एटीपी टूर टाइटल जीतने की कोशिश कर रहे थे, जहां उन्होंने इस हफ्ते टॉप 20 प्लेयर्स बुब्लिक, जैकब मेंसिक और रुब्लेव पर जीत दर्ज की। डचमैन की मेदवेदेव के साथ एकमात्र पिछली भिड़ंत पिछले साल दुबई में हुई थी, जब उन्होंने सेमीफाइनल तक पहुंचने के रास्ते में यादगार चार मैच पॉइंट बचाए थे। मेदवेदेव अगली बार इंडियन वेल्स में एटीपी मास्टर्स 1000 में हिस्सा लेंगे, जहां वह दो बार के फाइनलिस्ट हैं।

# महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए टीम घोषित की

## हॉकी इंडिया ने 20 सदस्यीय भारतीय महिला टीम की घोषणा की, सविता निजी कारणों से बाहर

समर न्यूज | हैदराबाद



हैदराबाद में 8 से 14 मार्च तक होने वाले FIH Hockey Women's World Cup 2026 Qualifiers के लिए हॉकी इंडिया ने 20 सदस्यीय भारतीय महिला टीम की घोषणा कर दी है। अनुभवी गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने निजी कारणों से टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। सूत्रों के अनुसार सविता पारिवारिक वजहों से राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा नहीं थीं, इसलिए चयन के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया गया। उनकी गैरमौजूदगी में मिडफील्डर Salima Tete टीम की कमान संभालेंगी। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी बंसरी सोलंकी और बीचू देवी खारीबम को सौंपी गई है। क्वालीफायर में मेजबान भारत के अलावा इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया की टीमें हिस्सा लेंगी। अगस्त 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए यहां से तीन टीमें क्वालीफाई करेंगी। आठ टीमों को दो पूल में बांटा गया है। पूल ए में इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया हैं, जबकि पूल बी में भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स को रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 8 मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगा, इसके बाद 9 मार्च को स्कॉटलैंड और 11 मार्च को वेल्स से मुकाबला होगा। रक्षा पंक्ति में सुशीला चानू पुखराम्बम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता और इशिका चौधरी को शामिल किया गया है। मिडफील्ड में कप्तान सलीमा के साथ नेहा, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा ददासो पिसल और दीपिका सोरेंग जिम्मेदारी निभाएंगी। अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू को जगह मिली है। मुख्य कोच Janneke Schopman (शोर्ड मारिन) ने कहा कि टीम अपने पहले बड़े टूर्नामेंट को लेकर उत्साहित है और फिटनेस व रणनीति पर खास ध्यान दिया जा रहा है ताकि हर खिलाड़ी अपनी भूमिका स्पष्ट रूप से समझ सके। उन्होंने बताया कि टीम हैदराबाद में दो अभ्यास मैच खेलेगी, जिससे संयोजन को अंतिम रूप दिया जा सके। सविता की अनुपस्थिति निश्चित रूप से अनुभव की कमी महसूस कराएगी, लेकिन युवा और ऊर्जावान टीम घरेलू मैदान पर मजबूत प्रदर्शन कर विश्व कप का टिकट हासिल करने के इरादे से उतरेगी।

# एलिसा हीली का विदाई धमाका; आखिरी वनडे में 158 रन

## ऑस्ट्रेलिया की कप्तान ने भारत के खिलाफ ऐतिहासिक शतक जड़ा

एजेंसी | होबार्ट



ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने अपने आखिरी ओडीआई मुकाबले को ऐतिहासिक बना दिया। रविवार (1 मार्च) को होबार्ट के बेलेरिव ओवल में भारत के खिलाफ तीन मैचों की विमेंस ओडीआई सीरीज के आखिरी मुकाबले में उन्होंने 98 गेंदों में 158 रन ठोक दिए। एलिसा ने अपनी इनिंग्स में 27 चौके और 2 छक्के लगाए, जबकि स्ट्राइक रेट 161।22 का रहा। यह उनके ओडीआई करियर का 8वां शतक रहा। एलिसा हीली की यह विस्फोटक पारी सालों तक याद रखी जाएगी। इस खास पल के गवाह बने उनके पति और ऑस्ट्रेलिया के स्टार तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क भी बने। जब हीली ने शतक लगाया, तो स्टार्क कमेंट्री बॉक्स में मौजूद थे। हीली ने तीन अंकों का आंकड़ा छुआ, तो कमेंट्री कर रहे स्टार्क की आवाज में भावनाएं साफ झलक रही थीं। उनका रिएक्शन सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। फैन्स ने इस पल को क्रिकेट का सबसे खूबसूरत लम्हा बताया। मुकाबले में भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। जब हीली बल्लेबाजी के लिए उतरीं, तो भारतीय खिलाड़ियों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। यह पल दर्शकों के लिए बेहद भावुक और खास था। इसके बाद हीली ने क्लास दिखाते हुए धुआंधार पारी खेली, जिसके चलते ऑस्ट्रेलियाई टीम ने विशाल स्कोर खड़ा किया। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इस मुकाबले में निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 409 रन बना डाले। ऑस्ट्रेलिया की ओर से बेथ मूनी ने भी नाबाद 106 रनों का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले ही वनडे सीरीज में अजेय बढ़त ले चुकी थी। 35 साल की एलिसा हीली ने इस साल जनवरी में ये घोषणा की थी कि वो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगी। भारत के खिलाफ वनडे सीरीज 50 ओवर्स के क्रिकेट में उनका आखिरी असाइनमेंट रहा, जबकि पर्थ में भारत के खिलाफ ही होने वाला टेस्ट उनका अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच होगा। हीली की जगह ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की कप्तानी तीनों फॉर्मेट में सोफी मोलिनक्स संभालेंगी। एलिसा हीली और मिचेल स्टार्क साल 2016 में शादी के बंधन में बंधे थे। इस जोड़ी ने मिलकर कुल 11 विश्व कप खिताब जीते हैं। हीली की यह ऐतिहासिक इनिंग्स ना सिर्फ आंकड़ों के लिए, बल्कि भावनाओं और यादों के लिए भी क्रिकेट इतिहास में दर्ज हो गई।

# बहादुर के रोड पर अवैध निर्माण की भरमार अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप



बहादुर रोड पर लोगों के द्वारा किया गया अवैध निर्माण। -समर न्यूज़

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना के बहादुर के रोड इलाके में अवैध निर्माण धड़ल्ले से जारी है। सत्संग घर रोड से सटे गोल्डन विहार, आज़ाद नगर और गोबिंद पुरी क्षेत्रों में नियमों को ताक पर रखकर बनाई जा रही इमारतें प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल खड़े कर रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह सब जोन 'ए' के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत और राजनीतिक संरक्षण में हो रहा है।

सूत्रों के अनुसार, इन इलाकों में न केवल अवैध निर्माण किया जा रहा है, बल्कि कई इमारतों में बिना अनुमति के पानी के बोर तक कर दिए गए हैं। करीब दो साल पहले गोल्डन विहार में अवैध कॉलोनी काटे जाने का मामला सामने आया था, जिसे नगर निगम की ओर से उस समय रुकवा दिया गया था। लेकिन अब उसी जगह पर नियमों को दरकिनार करते हुए दुकानों और व्यावसायिक निर्माण खड़े कर दिए गए हैं।

चौंकाने वाली बात यह है कि कुछ दिन पहले जिन इमारतों को निगम के इंस्पेक्टर द्वारा सील किया गया था, उनकी सीलें तोड़कर दोबारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इससे यह सवाल उठ रहा है कि कार्रवाई केवल कागजों तक ही सीमित है या फिर जानबूझकर आंखें मूंदी जा रही हैं।

इलाके में बन रही कई इमारतें नगर निगम के बॉयलॉज के खिलाफ हैं। न नक्शे पास हैं और न ही आवश्यक अनुमति ली गई है। इससे न केवल क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं पर दबाव बढ़ रहा है, बल्कि सरकार के राजस्व को भी बड़ा नुकसान हो रहा है। नियमों के तहत जो शुल्क और टैक्स निगम को मिलना चाहिए था, वह सीधे तौर पर सरकारी खजाने को चूना लगने जैसा है।

सूत्रों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो यह अवैध निर्माण भविष्य में बड़े हादसों का कारण बन सकता है। संकरी गलियों में बहुमंजिला इमारतें खड़ी होने से आगजनी और आपात स्थितियों में राहत कार्य बेहद मुश्किल हो जाएगा।

### एमटीपी विजय कुमार ने कहा

जल्द ही सभी संदिग्ध इमारतों की जांच करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि एटीपी को भी निर्देश दिए जाएंगे कि वे मौके पर जाकर जांच करें और नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

धूरी लाइन और ढंडारी में अलग-अलग घटनाएं, जीआरपी ने शुरू की जांच

# ट्रेन की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत

समर न्यूज़ | लुधियाना



लुधियाना में सोमवार को दो अलग-अलग स्थानों पर हुए रेलगाड़ी से कटकर दो मजदूरों की मौत हो गई। दोनों मृतक फैक्ट्रियों में काम करते थे और अपने-अपने परिवारों के मुख्य कमाने वाले सदस्य थे।

हादसों के बाद दोनों परिवारों में शोक की लहर है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पहला हादसा धूरी लाइन पर हुआ। मृतक की पहचान भैरो प्रसाद के रूप में हुई है, जो मोहल्ला दशमेश नगर, गली नंबर 13 में रहकर ट्रैक्टर पार्ट्स की फैक्ट्री में काम करता था। जानकारी के अनुसार, वह घर से कुछ सामान लेने के लिए निकला था। इसी दौरान वह रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उसके सिर में गंभीर चोट आई। खून से लथपथ हालत में उसे ट्रैक के पास पड़ा देख स्थानीय लोगों ने तुरंत उसके परिवार को सूचना दी।

मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। भैरो प्रसाद मूल रूप से बिहार के भागलपुर जिले का रहने वाला था। उसके परिवार में पत्नी गीता, तीन बच्चे हैं। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है, एक बेटा स्कूल में पढ़ता है और दूसरा काम करता है।

दूसरी घटना ढंडारी इलाके में रेलवे पुल के नीचे हुई।

यहां 45 वर्षीय मुलई की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी अचानक ट्रेन आ गई। हादसे में उसकी पसलियां टूट गईं और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मुलई भी एक फैक्ट्री में कार्यरत था और मूल रूप से उत्तर प्रदेश के महराजगंज (जिला गोरखपुर) का निवासी था।

उसके परिवार में पत्नी, सात बेटियां और एक बेटा है। उसकी शादी को करीब 15 साल हो चुके थे। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

दोनों मामलों में जीआरपी पुलिस ने प्राथमिक जांच में इसे हादसा बताया है, हालांकि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच जारी है। लगातार हो रहे ऐसे रेल हादसे रेलवे ट्रैक पार करने की बढ़ती लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे ट्रैक पार करते समय सतर्कता बरतें और निर्धारित स्थानों का ही उपयोग करें, ताकि इस तरह की दुखद घटनाओं से बचा जा सके।

# टैक्स डिफॉल्टरों पर शिकंजा

## बकाया वसूली तेज करने के निर्देश, नहीं माने तो होगी विभागीय कार्रवाई

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

नगर निगम लुधियाना में बकाया वसूली को तेज करने के लिए सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं।

सोमवार को उन्होंने ज़ोनल कमिश्नर नीरज जैन के साथ एमसी ज़ोन-ए कार्यालय में प्रॉपर्टी टैक्स और ओ एंड एम सेल के अधिकारियों की समीक्षा बैठक की।

बैठक में साफ कहा गया कि यदि इंस्पेक्टर और टैक्स कलेक्टर अपने-अपने इलाकों में बकाया वसूली में तेजी नहीं लाते हैं तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

▪ **डिफॉल्टरों की सूची सौंपी गई-** सीनियर डिप्टी मेयर प्रशार ने बताया कि टैक्स डिफॉल्टरों की सूची इंस्पेक्टरों और फील्ड स्टाफ को दे दी गई है, ताकि बकाया वसूली जल्द से जल्द पूरी की जा सके। बैठक में प्रॉपर्टी टैक्स विंग के सुपरिंटेंडेंट अशोक गर्ग समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



बैठक करते हुए अधिकारी। -समर न्यूज़

### टैक्स से मिलती हैं सुविधाएं

प्रशार ने कहा कि नागरिकों से वसूला गया टैक्स शहर में बुनियादी सुविधाएं देने और विकास कार्यों पर खर्च किया जाता है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे समय पर टैक्स जमा करें, ताकि पेनल्टी से बचा जा सके।

### लगातार होगी मॉनिटरिंग

सीनियर डिप्टी मेयर ने बताया कि नगर निगम लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और आने वाले दिनों में ऐसी और बैठकें की जाएंगी, ताकि बकाया वसूली की प्रक्रिया को और तेज किया जा सके।

# वकील सिमरनप्रीत ने जेसीआई सेंट्रल के प्रेसिडेंट का चार्ज संभाला

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़ |

एडवोकेट सिमरनप्रीत सिंह ने जे सी आई सेंट्रल के प्रधान का पदभार संभाला। इस मौके पर जूनियर चैंबर इंटरनेशनल (जे सी आई) सेंट्रल की 50वीं सालगिरह मनाने के लिए लुधियाना-मलेरकोटला रोड पर ताज रिज़ॉर्ट में एक प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस दौरान मशहूर बॉलीवुड सिंगर कमाल खान ने शानदार परफॉर्मेंस दी। जिसमें पंजाब के दूसरे हिस्सों के साथ-साथ हरियाणा, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों से भी बड़ी संख्या में सदस्यों ने हिस्सा लिया। प्रधान एडवोकेट सिमरनप्रीत सिंह और उनके साथियों ने कहा कि जे सी आई सेंट्रल बच्चों, बुजुर्गों, युवाओं और बिजनेसमैन के लिए काम करता है, साथ ही सोशल सर्विस, पर्सनल डेवलपमेंट, बिजनेस डेवलपमेंट जैसे एरिया में भी काम करता है।




## शाहानी मेमोरियल क्विज का हुआ आयोजन

समर न्यूज़ | लुधियाना

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 के अवसर पर गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स की साइंस सोसाइटी द्वारा शाहानी मेमोरियल क्विज़ का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता पूर्व प्राचार्या ईएन शाहानी के पति की स्मृति में आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य उनकी पावन स्मृति को नमन करते हुए विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना था। आयोजन की जिम्मेदारी गणित विभाग ने संभाली। कार्यक्रम की शुरुआत गणित विभाग की अध्यक्ष बलजीत कौर के स्वागत से हुई। उन्हें सम्मान और सराहना के प्रतीक स्वरूप सम्मानित किया गया। आयोजन के सफल संचालन में विभाग की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर मोहिंदर ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### सट्टा लगवाता आरोपी काबू, 2250 रुपये बरामद

समर न्यूज़ | राहुल शर्मा | लुधियाना : थाना बस्ती जोधेवाल पुलिस ने सट्टा लगवाने के आरोप में एक युवक को काबू किया है। जांच अधिकारी नवदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम इलाके में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि कद्दू का हाता, दीप बिहार में एक व्यक्ति सरेआम सट्टा लगवा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी, जहां एक युवक सट्टा लगवाते हुए पकड़ा गया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 2250 रुपये नकद बरामद किए गए। आरोपी की पहचान गौरव वर्मा पुत्र आकाश वर्मा, निवासी नवीन नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नशा करते युवक को पुलिस ने पकड़ा

समर न्यूज़ | राहुल शर्मा | लुधियाना : थाना डिवीजन नंबर 4 की पुलिस ने नशा करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी प्यारा सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान किला मोहल्ला पहुंची थी। इस दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि किले के अंदर एक व्यक्ति नशा कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी और आरोपी को रंगे हाथों काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 20 रुपये का नोट, एक लाइटर और एक पन्नी बरामद हुई। आरोपी की पहचान सचिन सभरवाल पुत्र देवदास, निवासी घाटी मोहल्ला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

# विश्व शांति हरिद्वार ब्राह्मकुंड पर सागर नाथ के सानिध्य में किया गया महायज्ञ

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़

विश्व शांति एवं लोक कल्याण हेतु सागर नाथ के सानिध्य में 200 भक्तों का जत्था हरिद्वार पहुंचा व ब्रह्मकुंड हर की पौड़ी पर विशाल हवन यज्ञ किया गया। माता जी पुष्पा शर्मा व श्री सागर नाथ जी के दिशानिर्देशानुसार कीमती लाल जैन,रितेश जैन ,मनीष कुमार ,मुकेश गौतम व अन्य भक्तों द्वारा पूरे आयोजन का प्रबंध कर तन्देही के साथ सेवा धर्म किया।

इस अवसर पर विशेष रूप से विधायक पुत्र गौरव बग्गा,समाज सेवक संचित शर्मा ,समाज सेवक कीमती लाल जैन ,महेश गिरी सैक्ट्री जूना अखाडा, साहिल खुराना, दीपक नारंग, अपने साथियों के साथ, पहुंचे व हवन यज्ञ में विश्व कल्याण हेतु आहुतियां डाली उपरन्त लुधियाना से आये महाआरती संघ द्वारा मां गंगा जी की महाआरती की गई ।इस अवसर पर सागर नाथ ने कहा कि पूर्णिमा पर्व के चलते ब्रह्मकुंड पर किये हवन यज्ञ में भक्तों द्वारा डाली गई आहुतियों का अक्षय गुना फल प्राप्ति होती है ओर इस महान पुण्य धर्म कार्य में विरले भक्तों को आने का पुण्य प्राप्त हुआ है।



सागर नाथ महाराज व पंडित अनिल जोशी मंत्रो का उच्चारण करते हुए. आहुतियां डालते भक्त। -समर न्यूज़

सागर नाथ ने कहा कि प्रभु सिमरन करते हुए विश्व कल्याण द्वारा किये गये धर्म कार्य कभी व्यर्थ नही जाते ओर भविष्य में इसका पुण्य फल भावी पीढ़ियों को भी प्राप्त होगा तभी धर्म कि जयकार चुंहू दिशाओ में होगी इसीलिए अपने बच्चों को धर्म के अपनी संस्कृति के संस्कार दें। गौरव बग्गा,संचित मल्होत्रा,रितेश जैन ने कहा कि धर्म प्रति आपसी एकजुटता से ही सनातन धर्म का प्रचार व प्रसार सम्भव है इसीलिए सनातन धर्म के ध्वज तले होने वाले हर आयोजन में हमें बढ़ चढ़ कर सम्मिलित होना चाहिए।कीमती लाल जैन ने कहा कि श्री सागर नाथ जी महाराज द्वारा सनातन धर्म के प्रचार व प्रसार में किये जा रहे धार्मिक आयोजन सराहनीय है ओर इससे युवा पीढ़ी को एक नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से माता पुष्पा शर्मा द्वारा पहुंचे भक्तों को विशेष रूप से आशीर्वाद दिया सनातन धर्म के प्रचार व प्रसार हेतु अपने बच्चों को जागरूक करने के लिए कहा। अमेरिका से विशेष रुप से पहुंचे पंडित अनिल जोशी ने पवित्र मंत्रो का उच्चारण किया व भक्तों ने अपनी कामना पूर्ति हेतु आहुतियां डाली। इस अवसर पर कीमती लाल जैन, इंद्र शर्मा, मनीष कुमार,समाज सेवक संचित मल्होत्रा, साहिल खुराना, रिताश जैन, मिंटू कालिया, सुनील शर्मा, प्रवीण तनेजा, पंकज बांसल, चेतन जैन, राधे शायम सिंगला, चमन लाल, मनीष आहूजा , हेमंत सलूजा हैपी, गौरव बग्गा, दीपक नारंग, अरुण शर्मा, गुरविंदर सैनी, राज कुमार मल्होत्रा, हरीश डंग, मोहन लाल शर्मा, प्रदीप वर्मा, अनिल वैहल,ज्योति वहल, श्वेता तनेजा ,मिलन शर्मा, नेहा, निशा शर्मा , अंकुश शर्मा जम्मू, आदि उपस्थित रहे।

# तहबाजारी विभाग ने रेहड़ी-फड़ी वालों पर की कार्रवाई

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़ |

शहर के नूरवाला रोड इलाके में अवैध रूप से लग रही रेहड़ी-फड़ियों को लेकर स्थानीय लोगों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद ज़ोन-ए तहबाजारी विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। सोमवार को विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की और सड़क किनारे लगी कई रेहड़ी-फड़ियों को हटवाया।

जानकारी के अनुसार नूरवाला रोड पर लंबे समय से बिना अनुमति रेहड़ी-फड़ियां लगाई जा रही थीं, जिससे सड़क संकरी हो गई थी। इस कारण रोज़ाना जाम की स्थिति बनती थी और स्थानीय निवासियों के साथ-साथ राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लोगों ने इस संबंध में नगर निगम और तहबाजारी विभाग को कई बार शिकायतें दी थीं। ज़ोन-ए तहबाजारी विभाग के अधिकारी विपिन हांडा ने बताया कि विभाग को लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। शिकायतों की जांच के बाद कार्रवाई का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण करना नियमों का उल्लंघन है और इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान विभाग की टीम ने अवैध रूप से खड़ी रेहड़ी-फड़ियों को हटवाया और कुछ दुकानदारों व रेहड़ी संचालकों को सख्त चेतावनी भी दी गई। अधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि यदि भविष्य में दोबारा अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया तो जुर्माना लगाया जाएगा और सामान जब्त करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।




कार्रवाई करती तहबाजारी विभाग की टीम। -समर न्यूज़

**सुधार** शहर की सड़कों से हटेंगे जब्त वाहन, ट्रैफिक और सफ़ाई में होगा सुधार

# नूरपुर बेट में बना शहर का सबसे बड़ा पुलिस मालखाना, नगर निगम ने पुलिस को दी 9680 गज जमीन

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

शहर में लंबे समय से पुलिस थानों के बाहर और सड़कों किनारे खड़े जब्त वाहनों की समस्या अब खत्म होने जा रही है। नगर निगम ने पुलिस प्रशासन को नूरपुर बेट इलाके में 9680 गज जमीन उपलब्ध करवाई है, जहां सभी थानों से जब्त किए गए वाहन सुरक्षित तरीके से रखे जाएंगे। इस जगह पर पुलिस का बड़ा मालखाना तैयार किया जा रहा है।

यह जमीन नूरपुर बेट में नगर निगम की करीब 48,400 गज खाली पड़ी भूमि का हिस्सा है। इसी इलाके में पहले एनिमल कारकस (पशु अवशेष) से जुड़ा प्लांट भी था, जो फिलहाल बंद पड़ा है। उसी के पास अब पुलिस प्रशासन के लिए यह नया वाहन यार्ड विकसित किया गया है। यहां शहर के सभी थानों से जब्त किए गए दोपहिया और चारपहिया वाहन रखे जाएंगे।



डीसीपी जसकरन सिंह तेजा। -समर न्यूज़



एसएचओ बलविंदर सिंह। -समर न्यूज़



अलग अलग थानों से शिफ्ट किए गए ज़ब्त वाहन। (2) नए लगाए जा रहे सीसीटीवी कैमरे। (3) कंटीली तारों से की गई बाउंड्री। -समर न्यूज़

करीब एक महीने पहले सांसद संजिव अरोड़ा ने घोषणा की थी कि लुधियाना में पुलिस द्वारा जब्त किए गए या लंबे समय से थानों के बाहर खड़े वाहनों को सुरक्षित यार्ड में शिफ्ट किया जाएगा। इसका उद्देश्य शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारना, सड़कों पर जगह खाली करना और साफ-सफाई को बेहतर बनाना है। अब यह योजना जमीन पर उतरती नजर आ रही है।

एसएचओ बलविंदर सिंह ने बताया कि चार जोनों के कुल 28 थानों के जब्त वाहन अब नूरपुर बेट स्थित इस यार्ड में शिफ्ट किए जा रहे हैं। सभी थानों के वाहन अलग-अलग पहचान के साथ रखे जाएंगे और हर थाने के नाम के बोर्ड भी लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ ही दिनों में करीब 1500 वाहन अलग-अलग थानों से यहां लाए जा चुके हैं, जबकि बाकी वाहनों को भी जल्द शिफ्ट कर दिया जाएगा।

नगर निगम की ओर से पुलिस प्रशासन को यह जगह पूरी तरह विकसित करके सौंपी गई है। इसमें गेट, चारों तरफ फेंसिंग और पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था की गई है, ताकि रात के समय भी किसी तरह की दिक्कत न हो।

डीसीपी जसकरन सिंह तेजा दिहाती ने कहा कि शहर के सभी थानों के बाहर सड़कों पर खड़े जब्त वाहन पूरी तरह नूरपुर बेट शिफ्ट कर दिए जाएंगे।

पूरा एरिया अब 16 सीसीटीवी कैमरों से लैस कर दिया गया है और यहां हर समय पुलिस की तैनाती रहेगी। यह यार्ड पूरी तरह पुलिस की निगरानी में रहेगा, जिससे वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 177